दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



चौहान में नजर आएंगे विक्रांत, अजय को देंगे टक्कर



छत्रपति शिवाजी महाराज में हुई एंट्री

वर्ष : 12 | अंक : 215 | लखनऊ, 29 जुलाई, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## फिर दिखी सदन में तीखी नोकझोंक और वार-पलटवार

# 'इमरजेंसी' पर भिड़े रिजिजू और अखिलेश, किरेन बोले-आंदोलन के बाद बिल लेकर आना अच्छा है या आंदोलन को कुचलने के लिए...

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

*लोकसभा में मंगलवार को एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री रिजिजू और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच तीखी नोकझोंक हुई। यादव ने सरकार पर प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक हमला बोलने का आरोप लगाया, जबकि रिजिजू ने आपातकाल का जिक्र कर पलटवार किया।*





लोकसभा में मंगलवार को एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच तीखी नोकझोंक हुई। अखिलेश ने सरकार पर प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक हमला बोलने का आरोप लगाया, जबकि रिजिजू ने आपातकाल का जिक्र कर पलटवार किया।

यादव ने कहा कि सरकार को सोचना चाहिए कि कहीं यही नौजवान हमारे लिए आपदा न बन जाएं। शिक्षा सच्ची होगी तो तरक्की भी पक्की होगी। उन्होंने पूछा कि 2024 में भी बिल लाया गया था, फिर भी पर्चा क्यों लीक हुआ? बिल लेकर क्यों आना पड़ा, यह बताएं। इस पर रिजिजू ने टोका और कहा कि आप बता दीजिए कि आंदोलन के बाद बिल लेकर आना अच्छा है या आंदोलन को कुचलने के लिए इमरजेंसी लगा देना अच्छा है? यादव ने जवाब दिया कि हमने इमरजेंसी नहीं देखी है, लेकिन दिल्ली में देखा है। आंसू गैस के गोले और लकड़ी पर कील जैसा कुछ लगाया गया था, जिसमें करेंट भी था। दिल्ली में जो हुआ, वह भी इमरजेंसी से कम नहीं था। अगर इमरजेंसी याद आ गई है, तो इमरजेंसी के बाद भी परिवर्तन हुआ था और इस बार भी परिवर्तन होगा। चढ़ावा चोरी, गुप्तदान भी चोरी हुआ है। भगवान भी आपको माफ नहीं करेंगे।

### आंदोलन ने सरकार को झुकने पर मजबूर किया प्रधान को बचा लिया: यादव

यादव ने कहा कि छात्र आंदोलन ने सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार के खिलाफ नारा लगा कि सरकार को ये अहंकार था कि ये सरकार झुकती नहीं है। लेकिन नौजवानों ये नारा दिया कि झुकाने वाला चाहिए। सरकार भी झुकती है। सरकार झुकी और स्वीकार किया उसने जो करोड़ों नौजवान मांग कर रहे थे। सदन में उन आश्वासनों को सरकार क्यों नहीं रख रही है। सभी सदस्यों को कितनी राहत मिली होगी कि एक प्रधान को हटाकर प्रधानमंत्री को बचा लिया?

#### मां के अंदाज में गरजीं बांसुरी

### तुम्हारे पांवों के नीचे कोई जमीन नहीं... विपक्ष पर प्रहार, दोहरा रवैया नहीं चलेगा



चर्चा के दौरान भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज का संबोधन सिर्फ तथ्यों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसमें उनकी मां सुषमा स्वराज की शायराना शैली की भी झलक देखने को मिली। उन्होंने अपने भाषण में दुष्यंत कुमार की पंक्तियों- 'तुम्हारे पांवों के नीचे कोई जमीन नहीं, कमाल ये है कि फिर भी तुम्हें यकीन नहीं' से विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उनके इस अंदाज ने सदन में मौजूद कई सदस्यों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। स्वराज ने कहा कि इस मुद्दे पर बहस पूर्वाग्रह नहीं, बल्कि तथ्यों के आधार पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी आरोपी को बेल सरकार नहीं, बल्कि स्वतंत्र न्यायपालिका देती है। उन्होंने यूपीए शासनकाल से लेकर राजस्थान, पश्चिम बंगाल और हाल ही में पंजाब में फार्मेसी ऑफिसर भर्ती परीक्षा में ब्लूटूथ के कथित इस्तेमाल जैसे मामलों का जिक्र करते हुए विपक्ष पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया।

### यूपीए में कितने पेपर लीक हुए देखिए गहलोत सरकार में अकेले 29 लीक

बांसुरी ने कहा विपक्षी नेता एक नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि ये पेपर लीक की समस्या सिर्फ साल 2014 के बाद ही पैदा हुई है। मोदी सरकार की सत्ता में आने से पहले जब एक दशक तक देश में यूपीए की सरकार थी और राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें थीं, तब एक या दो बार नहीं, बल्कि 22 बार परीक्षाओं के पेपर लीक हुए थे। उसमें से 6 ऐसी परीक्षाएं थीं, जो सीधे कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के अंतर्गत आती थीं। केवल गहलोत सरकार में 29 पेपर लीक हुए थे।

#### मालीवाल का केजरीवाल पर गंभीर आरोप

### पंजाब में हुए 6 पेपर लीक, सीजेपी को बताया आप की 'बी टीम'



राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर पंजाब में पेपर लीक मामलों को लेकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि पिछले 5 वर्षों में पंजाब में 6 बड़े पेपर लीक हुए, लेकिन केजरीवाल इस मुद्दे पर चुप हैं। संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मालीवाल ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में पंजाब में छह बड़े पेपर लीक हुए हैं। उन्होंने कहा कि कई परीक्षाओं में नकल के भी आरोप लगे हैं। 19 जुलाई को हुई फार्मेसी परीक्षा में भी बड़े पैमाने पर नकल हुई थी। आप ने ने पंजाब में पेपर लीक के आरोपों से इनकार किया है।

#### गोगोई ने कहा

### लड़कियों पर अत्याचार, पैलेट गन का इस्तेमाल...



कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि छात्र आंदोलन ने यह दिखा दिया कि लोगों के मन से डर खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर के प्रदर्शन के दौरान कुछ आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। उन भावनाओं को भी याद रखना चाहिए, जिन्हें छात्रों ने सामने रखा। उन्होंने शायर वसीम बरेलवी की पंक्तियां उद्धृत करते हुए कहा, उसूलों पर आंच आए तो टकराना जरूरी है, जिंदा हो तो जिंदा नजर आना जरूरी है।

#### अभिषेक ने कहा

### पेपर लीक नहीं सरकार की नाकामी



टीएमसी नेता और सासंद अभिषेक बेनर्जी ने सरकार को सदन में घेरा। इस दौरान उन्होनें कई सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार नहीं चाहती कि ठीक से बहस हो, सदन चले। ये सरकार एक परीक्षा भी ठीक से नहीं करा सकती। जब छात्रों ने आवाज उठाई तो उन्हें लाठियां मिली। उन्होंने कहा कि न्यू इंडिया में यंग इंडिया कहां है। पेपर लीक नहीं सरकार की नाकामी समस्या है। भाजपा सरकार को याद रखना चाहिए। कि हर जेनरेशन आपका रिपोर्ट कार्ड बनाती है। इस जेनरेशन के रिपोर्ट कार्ड में सरकार फेल है। फेल है सही तरीके से परीक्षा कराने में। एक अदालत के स्पेशल जज ने सुनवाई नहीं की। सिर्फ इसलिए क्योंकि सीबीआई की ओर से कोई नहीं आया।

### प्रधान सिर्फ एक मुखौटा

गोगोई ने कहा कि आप सुधार नहीं चाहते, क्योंकि संघ के लिए शिक्षा विभाग अहम है। आप चाहते हैं कि शिक्षा के माध्यम से इस पीढ़ी के लोग आपके संगठन के सदस्य बने। डीयू, आईआईटी, जेएनयू ने अपने स्टूडेंट्स ने कहा कि प्रदर्शन में मता जाओ। क्या ऐसे हम आने वाले भारत का निर्माण करेंगे।


## खबर संक्षेप

### गलत टिप्पणी मामले में एक्ट्रेस पर केस



कोलकाता। बंगाली इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस श्रीलेखा मित्रा को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि कोलकाता में गत 24 जुलाई को छात्रों के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के बाद मित्रा कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। उनके खिलाफ प्रधानमंत्री का अपमानजनक पोस्टर दिखाने के आरोप में पुलिस स्टेशनों में शिकायतें की गई हैं।

### तमिलनाडु में 31 से चिकन की बिक्री बंद



चेन्नई। तमिलनाडु चिकन ट्रेडर्स फेडरेशन ने ऐलान किया है कि 31 जुलाई से राज्य में चिकन की बिक्री रोक दी जाएगी। पुडुचेरी के चिकन व्यापारियों ने भी इस फैसले का समर्थन किया है। फेडरेशन का आरोप है ब्रॉयलर कंपनियां सरकार के 12 घंटे पहले फीड बंद करने के नियम का पालन नहीं कर रहीं, जिससे अस्वच्छ सप्लाई हो रही है।

### 7वीं मंजिल से गिरने से पूर्व मंत्री की मौत



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लालबाग में नए विधायक निवास की 7वीं मंजिल से गिरकर पूर्व मंत्री नानकदीन भुर्जी की दर्दनाक मौत हो गई है। भुर्जी को विधायक निवास से नीचे गिरा पाए जाने पर तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। कारण का खुलासा नहीं हुआ है।

### दिल्ली की महिलाओं को 2500 रु. मिलेंगे



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने महिलाओं के लिए हर महीने 2,500 की आर्थिक मदद देने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। सीएम रेखा गुप्ता ने पात्र महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता देने की घोषणा करते हुए कहा कि हमने कैबिनेट की बैठक में पात्र महिलाओं को हर महीने 2,500 की आर्थिक मदद को मंजूरी दे दी है।

## कई राज्यों में दिखी आफत की बारिश, असम और नगालैंड में बाढ़ का तांडव

# वायुसेना ने संभाला मोर्चा... 458 लोगों को सुरक्षित निकाला, हवाई मार्ग से 9 टन राहत सामग्री पहुंचाई

*बाढ़ प्रभावित इलाकों में मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान शुरू*

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,





भारतीय वायुसेना द्वारा असम और नागालैंड के बाढ़ प्रभावित इलाकों में मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियान लगातार जारी है। खराब मौसम और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद वायुसेना राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से जुटी हुई है। मंगलवार को भारतीय वायुसेना ने बताया कि पिछले 10 दिनों के दौरान उसके हेलीकॉप्टरों ने बाढ़ में फंसे 458 लोगों को सुरक्षित बचाकर निकाला है।

वायुसेना जहां एक ओर बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित बचाने में कामयाब रही है, वहीं इस आपदा में लोगों तक आवश्यक राहत सामग्री भी पहुंचा रही है। अभी तक प्रभावित क्षेत्रों में हवाई मार्ग से 9 टन से अधिक आवश्यक राहत सामग्री भी पहुंचाई गई है। वायुसेना के अधिकारी व जवान, राहत अभियान के दौरान हेलीकॉप्टर से लगातार दुर्गम और जलमग्न क्षेत्रों में उड़ान भर रहे हैं। ये वे प्रभावित क्षेत्र हैं जहां सड़क संपर्क पूरी तरह बाधित हो चुका है। इन अभियानों के जरिए फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने के साथ-साथ खाद्य सामग्री, दवाइयां और अन्य जरूरी राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

### शिवसागर में बाढ़ की स्थिति बिगड़ी

असम के शिवसागर जिले में बाढ़ की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है क्योंकि नौजान गांव में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया और सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे सैकड़ों परिवार आश्रय, भोजन और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि राहत अभियान तेज कर दिए गए हैं।वहीं, असम के विधायकों ने एक बड़ा फैसला लिया है। रायजोर दल को छोड़कर सभी विधायकों ने मंगलवार को राज्य के बाढ़ पीड़ितों की राहत और पुनर्वास के लिए अपने एक महीने का वेतन दान करने की घोषणा की।

#### अध्यक्ष रणजीत ने कहा

### विधानसभा, सचिवालय के कर्मी करेंगे वेतन का दान

अध्यक्ष रणजीत कुमार दास ने कहा कि वह और उपाध्यक्ष हब्बे टेरोन बाढ़ राहत के लिए एक महीने का वेतन दान करेंगे। उन्होंने घोषणा की कि हमारे अलावा, विधानसभा सचिवालय के सभी कर्मचारी पीड़ितों की राहत और पुनर्वास के लिए एक दिन का वेतन दान करेंगे।

#### असम में बाढ़ का कहर

### पीएम मोदी ने सांसदों के साथ की समीक्षा बैठक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने असम के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त बाढ़ की स्थिति पर राज्य के सांसदों के साथ बैठक की। इसके साथ ही आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है।एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने लोगों की सुरक्षा और कुशलक्षेम के लिए प्रार्थना की। उन्होंने एक्स पर लिखा,'असम के सांसदों से मुलाकात की और राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। केंद्र सरकार प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। मैं सभी की सुरक्षा और कुशल मंगल की कामना करता हूं।

### ऊना में उफनते नाले में बह गई कार, परिवार के 4 सदस्य थे सवार

ऊना। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से जगह-जगह से नुकसान की खबरें आ रही हैं। चंबा व कांगड़ा में भारी बारिश के बीच दो सड़क हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई। वहीं, ऊना जिला के अंब क्षेत्र में एक कार नाले में बह गई। परिवार के चार लोग कार में सवार थे। यह पानी के बहाव से बेखबर नाले को पार करने की कोशिश कर रहे थे, इसी बीच कार तेज बहाव की चपेट में आ गई।स्थिति को बिगड़ता देख कार सवारों ने बिना समय गंवाए मुस्तैदी दिखाई और तुरंत वाहन से बाहर कूद गए। उनके बाहर निकलते ही कुछ ही सेकंड में कार ताश के पत्तों की तरह तेज बहाव में बह गई।

### चंबा में कई इलाकों में मलबा घुसा, कांगड़ा में ट्रक गिरा

हिमाचल प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। लगातार हो रही भारी बारिश से राज्य के कई जिलों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। चंबा, शिमला, मंडी, कांगड़ा, सिरमौर, सोलन, कुल्लू और अन्य क्षेत्रों में भूस्खलन, नालों के उफान और जलभराव की घटनाएं सामने आई हैं। कई संपर्क मार्ग बंद हो गए हैं, जबकि घरों, दुकानों और वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है।







### नोएडा-गाजियाबाद समेत दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, कई इलाकों में जलभराव

दिल्ली और इसके आसपास के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मंगलवार सुबह कई इलाकों में बारिश दर्ज की गई, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली और मौसम खुशनुमा हो गया। नोएडा, गाजियाबाद समेत एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हो रही है। कई इलाको में जलभराव और लंबा ट्रैफिक जाम भी देखने को मिला। सुबह ऑफिस जाने वाले लोगों को समस्या का सामना करना पड़ा।

### सड़क यातायात पर लगा ब्रेक

राजधानी शिमला में लगातार बारिश के बीच भूस्खलन की घटनाओं से यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। सड़क यातायात पर ब्रेक लग गया है। लिफ्ट क्षेत्र के पास कार्ट रोड पर मलबा आने के कारण बसों की आवाजाही रोकनी पड़ी, जबकि कई मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया।

#### आईएमडी की चेतावनी | दो दिन तक बिगड़ा रहेगा मौसम



भारत मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने डीप डिप्रेशन का असर देश के अधिकतर भागों में दिखाई दे रहा है। दिल्ली समेत पंजाब गुजरात, कोंकण, महाराष्ट्र समेत कई राज्य बारिश के चपेठ में रहेंगे। छत्तीसगढ़ में इसका असर रहा है। जिस कारण से छत्तीसगढ़ में अगले 48 घंटे तक बारिश और बिजली गिरने की संभावना है।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने शिवसेना नेता को लगाई फटकार

# वोट मांगो, फिर लोगों को मारो, जमानत अर्जी खारिज की

*कैसा जनप्रतिनिधि...पार्षद को अदालत ने हिदायत भी दी*

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार, 27 जुलाई को शिवसेना (शिंदे गुट) के पार्षद रमेश म्हात्रे को तुरंत जमानत देने से इनकार कर दिया। रमेश म्हात्रे पर डोंबिवली के एक म्युनिसिपल अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ के साथ मारपीट करने का आरोप है।

रमेश म्हात्रे का डॉक्टरों पर हमला करते हुए वीडियो भी सामने आया था। बॉम्बे हाई कोर्ट ने रमेश म्हात्रे की जमानत रद करते हुए जोर देकर कहा, एक चुना हुआ प्रतिनिधि नागरिकों पर फाइलों और कुर्सियों से हमला नहीं कर सकता।

### डीसीपी लोगों के बयान दर्ज करें



बॉम्बे हाई कोर्ट नेम्हात्रे से कहा कि आप जनता की सेवा करने का वादा करके वोट मांगते हैं, लेकिन चुने जाने के बाद लोगों के साथ मारपीट करते हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मामले की जांच संबंधित जोन के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस को सौंपने का आदेश दिया है और 31 जुलाई तक जांच की प्रगति के बारे में कोर्ट को सूचित करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि डीसीपी जल्द से जल्द जांच अपने हाथ में ले और यह सुनिश्चित करें कि शिकायतकर्ता, पीड़ितों और गवाहों को पर्याप्त सुरक्षा देते हुए उनके बयान दर्ज करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएं।

#### अंतरधार्मिक विवाह पर कलकत्ता हाईकोर्ट बोला

### वयस्कों को जीवनसाथी चुनने का अधिकार, पुलिस दे सुरक्षा



कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल पुलिस को बुधवार को हावड़ा में होने वाले एक अंतरधार्मिक विवाह के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस देश के वयस्क नागरिकों को अपना जीवनसाथी चुनने का अधिकार है।यह टिप्पणी न्यायालय ने अलग-अलग धर्मों से संबंध रखने वाले एक युवक और युवती की याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

### सुरक्षा दी जा रही: पुलिस

हावड़ा (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश का पालन करते हुए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने सोमवार को पुलिस को निर्देश दिया कि बुधवार को होने वाले विवाह के दौरान याचिकाकर्ताओं को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। कोर्ट कहा कि अदालत को अंतरधार्मिक विवाह होने के मामले में कोई बाधा नहीं दिखती है। याचिकाकर्ता इस देश के वयस्क नागरिक हैं और उन्हें अपना जीवनसाथी चुनने का अधिकार है।

## राजकोट चिड़ियाघर की खुशखबर

# जू में 3 एशियाई शेर शावकों का जन्म, संख्या बढ़कर हो गई 20

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

गुजरात के राजकोट चिड़ियाघर में एशियाई शेर के 3 और शावकों का जन्म हुआ है, जिससे वहां एशियाई शेरों की संख्या 20 हो गई है। अधिकारियों ने कहा, 107 दिन के गर्भकाल के बाद 22 जुलाई की रात को शेर 'धनंजय' और शेरनी 'धरती' के यहां 3 स्वस्थ शावकों का जन्म हुआ। मां और तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। पशु चिकित्सक और कर्मचारी उनकी सेहत का ध्यान रखने के लिए सीसीटीवी के जरिए मादा शेर और उसके शावकों पर चौबीसों घंटे नजर रख रहे हैं।



### 'सफल प्रजनन' का यहां दिखा असर

यह नया जन्म राजकोट जू में एक और सफल प्रजनन (ब्रीडिंग) के महज एक महीने से थोड़े अधिक समय के बाद हुआ है। यह अच्छी बात है। इससे पहले 11 जून को मादा शेर 'धारा' ने 3 शावकों को जन्म दिया था। दोनों ही मामलों में मां और शावक स्वस्थ बताए जा रहे हैं।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरु पूर्णिमा पर देश व प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरु पूर्णिमा के पावन व पुनीत अवसर पर देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह विशेष दिन हमारे जीवन को प्रेरित करने, मार्गदर्शन करने और ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले सभी सम्मानित गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। यह पर्व हमारे जीवन को सार्थक बनाने और सही राह दिखाने वाले गुरुओं के प्रति सम्मान प्रकट करने का दिन है ।भारतीय समाज में ज्ञान और बुद्धिमत्ता को हमेशा से सर्वोच्च स्थान दिया गया है। उन्होंने कामना की है कि गुरुओं का आशीर्वाद देश व प्रदेश को लगातार प्रगति और नई ऊंचाइयों की ओर ले जाए।

## किसानों के हितों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य: लाल बहादुर

### भाकियू (कमेरा) में कई पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। गोमती नगर विस्तार खंड स्थित भारतीय किसान यूनियन (कमेरा) के राष्ट्रीय कार्यालय पर मंगलवार को किसान पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसका नेतृत्व लखनऊ के जिलाध्यक्ष नरोत्तम पासवान ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इस बैठक में प्रीतम सिंह यादव को लखनऊ जिला कोषाध्यक्ष, नरेन्द्र कुमार वर्मा को लखनऊ जिला सह संयोजक, शेर बहादुर को मोहनलालगंज ब्लॉक महासचिव तथा राम सनेही को मोहनलालगंज तहसील महासचिव आदि क्षेत्र के किसानों को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय किसान यूनियन (कमेरा) के राष्ट्रीय संरक्षक लाल बहादुर सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। संगठन के सभी पदाधिकारियों को किसानों की समस्याओं को लेकर हमेशा सजग रहना होगा। हमें किसानों के हर सुख-दुःख में कंधे से कंधा मिलाकर चलना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुशील दीक्षित ने की। इस अवसर पर मनोनीत पदाधिकारियों को संगठन की नीतियों के अनुरूप किसानों के हित में कार्य करने तथा संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। इस बैठक में लखनऊ के जिलाध्यक्ष नरोत्तम पासवान, मोहनलालगंज तहसील अध्यक्ष सूरजभान सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष साजन रावत, बाराबंकी के जिलाध्यक्ष श्रीचन्द्र रावत, जिला उपाध्यक्ष राममिलन गौतम, राहुल यादव, मनोज कुमार रावत (कोषाध्यक्ष, बाराबंकी), महिला तहसील अध्यक्ष प्रेमावती सहित कमेरा परिवार के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी मनोनीत पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गईं। संगठन के नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि मनोनीत पदाधिकारी किसानों की समस्याओं के समाधान एवं संगठन के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## अलग अलग गांवों दो घरों से चोरी; जेवर-नकदी समेट ले गए बेखौफ चोर

**माल थाना क्षेत्र के मुन्नूखेड़ा और सालेहनगर में वारदात, ग्रामीणों में दहशत; पुलिस ने जांच शुरू की**

अमन लेखनी समाचार



सेंध लगाकर घर में चोरी

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने एक ही रात दो अलग-अलग गांवों में दो घरों को निशाना बनाकर जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। लगातार हुई इन वारदातों से ग्रामीणों में दहशत के साथ पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थलों का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और पीड़ितों की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना मुन्नूखेड़ा गांव की है। यहां निवासी राजकुमार के घर में देर रात अज्ञात चोर सेंध लगाकर अंदर घुस गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी सोने की नथुनी, पायजेब और पायल चोरी कर ली। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा मिला। अलमारी खुली देख चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

इसी रात चोरों ने पास के सालेहनगर गांव निवासी विश्राम रावत के घर को भी निशाना बनाया। यहां से करीब 10 हजार रुपये नकद, चांदी की पायल और सोने के टॉप्स चोरी कर लिए गए। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर आसानी से फरार हो गए।

एक ही रात में दो गांवों में चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बावजूद रात में प्रभावी पुलिस गश्त नहीं दिखाई देती, जिससे असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों ने रात के समय गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। घटना की सूचना पर माल पुलिस ने दोनों स्थानों का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और पीड़ितों से तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि दोनों चोरी की घटनाओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## सभी 18 मंडलों में सहकारिता व निजी क्षेत्र के बिक्री केंद्रों पर पर्याप्त उर्वरक

### उर्वरकों की कालाबाजारी पर सख्त एक्शन : 7462 छापे, 556 लाइसेंस निलंबित

अमन लेखनी समाचार

- कृषि मंत्री ने कहा, प्रदेश में यूरिया, डीएपी और एनपीके सहित सभी उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध, अग्रिम भंडारण से बचें किसान
- 34 एफआईआर दर्ज और 229.7 मीट्रिक टन स्टॉक जब्त



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार किसानों को खरीफ सीजन में फसलों की रोपाई और बुवाई के बाद फसल संस्तुति के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कटिबद्ध है और इसके लिए भारत सरकार से निरंतर संपर्क बनाए हुए है। यह जानकारी देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों को उचित मात्रा में समय पर खाद उपलब्ध हो सके इसलिए सरकार ने प्रत्येक जिले में पर्याप्त और संतुलित मात्रा में खाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया है।

सरकार ने किसानों से अनुरोध किया है कि वे अपनी कृषि भूमि या बैनामा के अनुसार शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री कराएं ताकि उन्हें खरीफ सीजन में फसल संस्तुति के अनुसार सुगमतापूर्वक पर्याप्त उर्वरक मिल सके। साथ ही यह भी आग्रह किया गया है कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है, अतः अनावश्यक रूप से उर्वरकों का अग्रिम भंडारण न किया जाए।

प्रदेश में एक अप्रैल से 27 जुलाई तक उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण के तुलनात्मक विवरण के अनुसार, 2026 में यूरिया की उपलब्धता 31.55 लाख मीट्रिक टन रही, वहीं वितरण 2025 के 20.47 की तुलना में 2026 में 22.18 लाख मीट्रिक टन रहा। डीएपी की उपलब्धता 7.11 लाख मीट्रिक टन रही, जबकि वितरण 2025 में 3.96 और 2026 में 4.37 लाख मीट्रिक टन रहा। इसी प्रकार एनपीके की उपलब्धता 6.33 लाख मीट्रिक टन रही, तथा वितरण 2025 के 1.43 के मुकाबले 2026 में 1.90 लाख मीट्रिक टन रहा। एसएसपी की उपलब्धता 4.72 लाख मीट्रिक टन रही तथा वितरण 2025 में 2.15 और 2026 में 2.13 लाख मीट्रिक टन रहा। एमओपी की उपलब्धता में 1.35 लाख मीट्रिक टन रही, जबकि वितरण 0.24 लाख मीट्रिक टन रहा। 28 जुलाई को प्रदेश में कुल 14.77 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 4.81 लाख मीट्रिक टन डीएपी, 4.90 लाख मीट्रिक टन एनपीके, 3.46 लाख मीट्रिक टन एसएसपी और 1.11 लाख मीट्रिक टन एमओपी उर्वरक उपलब्ध है। सहकारिता के क्षेत्र में यूरिया 5.43 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 2.39 लाख मीट्रिक टन और एनपीके 1.42 लाख मीट्रिक टन मात्रा में उपलब्ध है, जबकि निजी क्षेत्र के बिक्री केंद्रों पर यूरिया 9.34 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 2.43 लाख मीट्रिक टन और एनपीके 3.49 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 32780 मीट्रिक टन यूरिया, 6715 मीट्रिक टन डीएपी और 1967 मीट्रिक टन एनपीके का क्रय एवं खपत कृषकों द्वारा किया जा रहा है।

उर्वरकों की जमाखोरी, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग और टैगिंग आदि के संबंध में एक अप्रैल से 28 जुलाई तक सख्त कार्रवाई की गई है, जिसके तहत 7462 छापे मारे गए और 1045 नमूने ग्रहित किए गए। इनमें से 102 नमूनों का विश्लेषण किया गया जिसमें 25 नमूने अमानक पाए गए। इस दौरान 556 लाइसेंस निलंबित किए गए, 53 निरस्त किए गए, 705 कारण बताओ नोटिस निर्गत किए गए, 15 दुकानों की बिक्री प्रतिबंधित की गई और 23 दुकानें सील की गईं। इसके अतिरिक्त 34 मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है और कुल 229.7 मीट्रिक टन स्टॉक सील एवं जब्त किया गया है।

## यूपी में 2982 टीजीटी शिक्षकों का अंतिम चयन परिणाम घोषित

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती के तहत 14 विषयों के कुल 2,982 पदों का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परिणाम पूरी पारदर्शिता और नियमबद्ध प्रक्रिया के तहत जारी किया गया है।

**14 विषयों का रिजल्ट जारी**

उन्होंने बताया कि 15 विषयों के कुल 3,539 पदों के लिए लिखित परीक्षा 3 और 4 जून 2026 को आयोजित की गई थी। लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर 30 जून 2026 को डेढ़ गुना अभ्यर्थियों को अभिलेख परीक्षण के लिए सफल घोषित किया गया था। अब उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली-1998 के नियम 12(8) के तहत 14 विषयों का अंतिम चयन परिणाम घोषित किया गया है। इनमें हिंदी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, उर्दू, शारीरिक शिक्षा, कृषि, संगीत गायन, संगीत वादन, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, संस्कृत, वाणिज्य एवं कला विषय शामिल हैं।

अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट https://upesc.up.gov.in/ पर अपना परिणाम, विषयवार-श्रेणीवार कट-ऑफ और प्राप्तांक देख सकते हैं। अभ्यर्थी अनुक्रमांक और जन्मतिथि डालकर एक सप्ताह तक अपने अंक देख सकेंगे। चयनित अभ्यर्थियों का संस्था आवंटन नियमावली के नियम 12(10) के तहत अधिमानता क्रम के आधार पर किया जाएगा। अंग्रेजी विषय के 557 पदों का अंतिम परिणाम अभी घोषित नहीं किया गया है, क्योंकि अंतिम उत्तर कुंजी के विरुद्ध उच्च न्यायालय में याचिका संख्या-979/2026 विचाराधीन है। कोर्ट के निर्णय के बाद अंग्रेजी का परिणाम घोषित होगा।

### टीजीटी भर्ती के 624 पदों पर जिला आवंटन जारी, 16 विषयों के चयनित अभ्यर्थी वेबसाइट पर देखें आवंटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती के तहत चयनित 624 अभ्यर्थियों का जिला आवंटन जारी कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर अपना आवंटन देख सकते हैं। डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 16 विषयों भौतिक विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य, समाजशास्त्र, नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत, रसायन विज्ञान, भूगोल, हिंदी एवं कला के लिए लिखित परीक्षा 9 और 10 मई को आयोजित की गई थी। लिखित परीक्षा का परिणाम 2 जून को घोषित हुआ और सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 15 से 27 जून तक हुआ। इसके बाद नियमावली 1998 के नियम 12(8) के तहत 7 जुलाई को अंतिम चयन परिणाम घोषित किया गया था। अब नियम 12(10) के तहत चयनित अभ्यर्थियों का जिला आवंटन किया गया है।

## कांग्रेस पूरी ताकत से करेगी जौहर विवि का बचाव

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय रामपुर पहुंचकर विश्वविद्यालय गेट पर विश्वविद्यालय के 38 भवनों को ध्वस्त किये जाने के निर्णय के विरोध में धरनारत छात्रों और शिक्षकों से मिले। उन्होंने गेट पर छात्रों, शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया एवं कल रामपुर के कमिश्नर द्वारा भवनों के ध्वस्तीकरण पर फिलहाल रोक लगाये जाने के निर्णय पर वहां पर मौजूद छात्रों और शिक्षकों को मिठाई खिलाकर उनके द्वारा विश्वविद्यालय को बचाने के लिए किये जा रहे संघर्ष और पुनीत कार्य की सराहना की।

अजय राय इसके बाद पूर्व विधायक संजय कपूर एवं रामपुर के जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व स्थानीय कांग्रेसजनों के साथ पूर्व मंत्री मो. आजम खां की पत्नी पूर्व सांसद तंजीम फातिमा से मुलाकात की और जौहर विश्वविद्यालय को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत के साथ विश्वविद्यालय को बचाने के लिए संकल्पित है और मो. आजम खां व उनके परिवार के साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी।

इस मौके पर उन्होने कहा कि जैसे ही रामपुर विकास प्राधिकरण का निर्णय आया कि विश्वविद्यालय के 38 भवनों को गिराया जाएगा, तत्काल उन्होने मीडिया के माध्यम से इसका पुरजोर विरोध करते हुए सड़क से सदन तक संघर्ष करने का ऐलान किया और राज्यपाल को पत्र भी लिखा।

उन्होने कहा कि केवल अपने व्यक्तिगत दुराग्रहपूर्ण रवैये के चलते प्रदेश सरकार मो. आजम खां द्वारा कराये गये इस विश्वविद्यालय को मिटाना चाहती है और बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पूर्व सांसद तंजीम फातिमा को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर विश्वविद्यालय को बचाने के लिए पूरी ताकत के साथ उनके परिवार के साथ है।

## हर घर तिरंगा अभियान : स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तैयार करेंगी दो करोड़ तिरंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत प्रदेश के 75 जिलों को कुल दो करोड़ राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगे) तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महाअभियान में मिशन से जुड़े 50,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं तिरंगों का निर्माण करेंगी। इससे ग्रामीण महिलाओं को अतिरिक्त आजीविका एवं आय का अवसर प्राप्त होगा, वहीं प्रदेश के प्रत्येक घर तक राष्ट्रध्वज पहुंचाने के राष्ट्रीय अभियान को भी नई गति मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह अभियान केवल राष्ट्रीय ध्वज निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण, स्थानीय रोजगार सृजन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। तिरंगा निर्माण के माध्यम से हजारों ग्रामीण महिलाओं को सम्मानजनक आय का अवसर मिलेगा तथा वे राष्ट्र निर्माण के इस महाअभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएंगी।

उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में सभी जिलों को निर्देशित किया गया है कि अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि हर घर तिरंगा अभियान को जनभागीदारी का उत्सव बनाया जा सके और प्रदेश के प्रत्येक घर तक राष्ट्रध्वज सम्मानपूर्वक पहुंचाया जा सके।

मिशन निदेशक अरुण कुमार ने सभी जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों एवं जिला मिशन प्रबंधन इकाइयों को निर्देश दिए हैं कि जनपदवार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तिरंगा निर्माण सुनिश्चित किया जाए। उत्पादन, गुणवत्ता, आपूर्ति एवं भुगतान की नियमित समीक्षा करते हुए अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के सभी 75 जिलों में तैयार किए गए तिरंगे संबंधित सरकारी विभागों, सरकारी संस्थानों, स्थानीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इन विभागों एवं संस्थानों के माध्यम से तिरंगों का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे अभियान के दौरान प्रत्येक घर तक राष्ट्रध्वज पहुंच सके। सभी तिरंगों का निर्माण भारतीय ध्वज संहिता के निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाएगा तथा स्वयं सहायता समूहों को समयबद्ध भुगतान भी सुनिश्चित किया जाएगा।

## लखनऊ-वाराणसी सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस का संचालन एल.एच.बी रेक से होगा

**लखनऊ।** यात्रियों को अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं आधुनिक रेल यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में उत्तर रेलवे द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। रेल प्रशासन ने गाड़ी संख्या 20401/20402 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस में वर्तमान में प्रयुक्त आईसीएफ रेक के स्थान पर आधुनिक एलएचबी रेक का स्थायी रूप से संचालन करने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत गाड़ी संख्या 20402 (लखनऊ-वाराणसी) का संचालन 06 अगस्त 2026 से लखनऊ से तथा गाड़ी संख्या 20401 (वाराणसी-लखनऊ) 07 अगस्त 2026 से वाराणसी से एलएचबी रेक के साथ प्रारंभ किया जाएगा। एलएचबी रेक से संचालन प्रारंभ होने के उपरांत यात्रियों को निम्नलिखित प्रमुख सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। एलएचबी कोच आधुनिक तकनीक से निर्मित होने के कारण यात्रा पहले की अपेक्षा अधिक सुरक्षित एवं आरामदायक है। बेहतर सस्पेंशन प्रणाली के कारण झटके एवं कंपन कम महसूस होंगे, जिससे यात्रा अधिक सहज बनेगी। एलएचबी कोच उच्च गति क्षमता वाले होने से बेहतर एवं सुचारु परिचालन में सहायता मिलेगी। कोचों में शोर अपेक्षाकृत कम होता है, जिससे यात्रियों को अधिक आरामदायक वातावरण प्राप्त होता है। दुर्घटना की स्थिति में एलएचबी कोच अधिक सुरक्षित माने जाते हैं क्योंकि इनमें एंटी-क्लाइम्बिंग प्रणाली उपलब्ध होती है, जो कोचों को एक-दूसरे पर चढ़ने से रोकती है। उन्नत ब्रेकिंग प्रणाली एवं आधुनिक कपलिंग व्यवस्था के कारण ट्रेन संचालन अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय एवं प्रभावी होता है। उत्तर रेलवे यात्रियों को सुरक्षित, आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा यह परिवर्तन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## छात्रों-नौजवानों ने केंद्र सरकार को झुका दिया : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव ने नीट परीक्षा लीक के खिलाफ हुए आंदोलन के लिए छात्रों और नई पीढ़ी के मनोबल, एकता और उनके प्रचार को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों-नौजवानों ने केन्द्र सरकार को झुका दिया। नौजवानों को, सरकार को झुकाना आता है इसीलिए आंदोलन की जीत के बाद नारा लगा- झुकती है सरकार, झुकाने वाला चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा आंदोलन पहले किसी ने नहीं देखा था। नई पीढ़ी के लोग खुद निकल कर इस आंदोलन में आये।

यह सरकार पिछले कई वर्षों से नकारात्मक प्रचार पर टिकी थी। यह नकारात्मक राजनीति करती है। नकारात्मक राजनीति पर करोड़ों रुपये खर्च करती है लेकिन नई पीढ़ी ने अपनी एकता मनोबल और प्रचार के तरीके से भाजपा सरकार को झुका दिया। मंगलवार को लोकसभा में लोक परीक्षा संशोधन विधेयक 2026 पर चर्चा में भाग लेते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार झुकी और करोड़ों लोगों की मांग को पूरा करना पड़ा लेकिन जिन मांगों पर सहमति बनी सरकार उन आंकड़ों को क्यों नहीं रख रही है? उन्होंने कहा कि यह सरकार वचन नहीं जुमला देती है। किसानों ने वर्षों तक धरना-प्रदर्शन, आंदोलन किया था लेकिन उनकी नहीं सुनी गयी। जब चुनाव करीब आया तब किसानों के खिलाफ लाये गये तीनों काले कानून वापस ले लिए। यह सरकार जब डर जाती है, घबरा जाती है, तब झुक जाती है। उन्होंने कहा कि जो लोक परीक्षा संशोधन विधेयक 2026 लाया गया है उसके बारे में सरकार को बताना चाहिए कि जब 2024 में यह एक्ट लेकर आये थे तो नीट पेपर लीक क्यों हुआ और 2026 में छात्रों को आंदोलन क्यों करना पड़ा? उन्होंने कहा कि यह ऐसा आंदोलन रहा जिसमें नई पीढ़ी और उनके माता-पिता सब जुड़ गये।

## लापरवाह अधिकारियों की तय हो जवाबदेही : स्वतंत्र देव

### नोटिस एवं निलंबन की कार्रवाई करें

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को उदयगंज स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय के सभागार में विभागीय मुख्य अभियंताओं (सिविल/यांत्रिक) के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर प्रदेश में संचालित स्वीकृत एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति, बजट उपयोग तथा कार्यों की गुणवत्ता की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जलशक्ति मंत्री ने परियोजनावार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, स्वीकृत परियोजना लागत, उपलब्ध बजट, बजट आवंटन तथा आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय की स्थिति की गहन समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति न होने, निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब तथा उपलब्ध बजट के सापेक्ष व्यय की धीमी गति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

स्वतंत्र देव सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदेश की महत्वपूर्ण एवं जनहित से जुड़ी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही, शिथिलता अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने परियोजनाओं की प्रगति में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित न करने वाले तथा कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को तत्काल नोटिस जारी कर उनकी जवाबदेही निर्धारित की जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों के प्रति उदासीनता, लापरवाही अथवा निर्धारित लक्ष्यों की अनदेखी पाये जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर दोषी अधिकारियों को निलंबित करने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन में शिथिलता से न केवल विकास कार्य प्रभावित होते हैं, बल्कि जनहित से जुड़े उद्देश्यों की पूर्ति में भी बाधा उत्पन्न होती है इसलिए सभी मुख्य अभियंता एवं संबंधित अधिकारी परियोजनाओं की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें तथा कार्यों के दौरान उत्पन्न होने वाली तकनीकी, प्रशासनिक अथवा अन्य बाधाओं का तत्काल समाधान कराते हुए परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं। जलशक्ति मंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक स्वीकृत एवं निमार्णाधीन परियोजना की नियमित परियोजनावार समीक्षा की जाए। उन्होंने सभी मुख्य अभियंताओं एवं संबंधित अधिकारियों के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करते हुए निर्देश दिए कि अगली समीक्षा बैठक तक प्रत्येक परियोजना में अपेक्षित भौतिक एवं वित्तीय प्रगति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि अगली समीक्षा बैठक में सभी परियोजनाओं की पुनः परियोजनावार समीक्षा की जाएगी। जिन अधिकारियों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप अपेक्षित प्रगति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने स्तर से प्रभावी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा कार्यों में होने वाली किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी के लिए जिम्मेदारी तय की जाए।

## घर में घुसकर किशोरी को उठाकर ले जाने का आरोप, एक युवक दबोचा

**परिजनों के शोर पर दो आरोपी फरार, पकड़े गए युवक से पूछताछ; तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीती रात घर में घुसकर बरामदे में सो रही किशोरी को जबरन उठाकर ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने पीछा कर एक युवक को पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने पिता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मलिहाबाद इलाके के पीड़ित किसान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 जुलाई की रात परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। आरोप है कि देर रात एक मोटरसाइकिल से आए तीन युवक घर में घुस गए और बरामदे में सो रही उनकी 17 वर्षीय बेटी को उठाकर ले जाने लगे। आहट होने पर परिजनों की नींद खुल गई। शोर सुनकर आरोपी भागने लगे। इसी दौरान ग्रामीणों की मदद से एक युवक को पकड़ लिया गया। उसने पूछताछ में अपना नाम संदीप निवासी सिकरोरी, थाना काकोरी बताया। जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस पकड़े गए युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। इसके बाद पीड़ित ने 26 जुलाई को मलिहाबाद थाने में तहरीर देकर बेटी की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और फरार दोनों आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## संक्षेप

### प्लास्टिक गोदाम में करंट लगने से मजदूर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में कानपुर-लखनऊ हाईवे पर स्थित नासिरखेड़ा गांव के पास एक प्लास्टिक गोदाम में काम के दौरान करंट लगने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा सोमवार देर शाम हुआ।मृतक की पहचान कानपुर के रायपुरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीपुरवा मोहल्ला निवासी अभिषेक राजपूत पुत्र स्व. संतोष के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अभिषेक नासिरखेड़ा गांव में सागर नामक प्लास्टिक गोदाम में मजदूरी करता था। सोमवार शाम काम करते समय वह बिजली के खुले तार की चपेट में आ गया। तेज करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। साथी मजदूरों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घरेलू कार्य कर रही दो महिलाओं को जहरीले कीड़े ने काटा

सफीपुर, उन्नाव। अलग अलग गांवों में घर में घरेलू कार्य कर रही महिलाओं को जहरीले कीड़े ने काट लिया दोनो महिलाओं को परिजनो ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया कस्बा सफीपुर के एक मोहल्ला निवासी शिवकली 45 वर्ष पत्नी राम किशोर अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थी तभी किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया जिससे महिला बेहोश हो गई परिजनो उसे सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के सैयदापुर निवासी अर्जुन की 25 वर्षीय पत्नी अनीता को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया परिजनो ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने दोनो महिलाओं की गंभीर हालत देखते जिला अस्पताल भेज दिया

### पिकअप लोडर की टक्कर से बाइक सवार मां बेटे घायल

सफीपुर, उन्नाव। मां को दवा दिलाने जा रहे बाइक सवार युवक को पिकअप लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मां बेटे दोनो घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुए दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया थाना आसीवन क्षेत्र के रसूलाबाद निवासी श्याम बिहारी 40 वर्ष पुत्र राम प्रसाद अपनी 70 वर्षीय माता फूलकुमारी को दवा दिलाने मियागंज बाइक से जा रहा है सफीपुर मियागंज मार्ग एक्सप्रेसवे के अंडरपास के पास तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे मां बेटे दोनो घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते दोनो को जिला अस्पताल भेज दिया गया

# प्रजापति ब्रह्मा कुमारी राजयोग केंद्र के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के स्थित ब्लाक रोड प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी राजयोग केंद्र के नवनिर्मित भवन का सोमवार को भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न शहरों के राजयोग केंद्रों की ब्रम्हाकुमारी बहनों का जमघट लगा। उद्घाटन के पूर्व कलश यात्रा भी निकाली गई और बाद में सैकड़ों जिज्ञासुओं ने श्री सत्यनारायण देव की कथा श्रवण की।

नगर में करीब दो दशक से अधिक किराए के भवन में संचालित राजयोग केंद्र को बीते सोमवार के दिन स्वयं का भव्य आश्रम प्राप्त हुआ। आश्रम में कदम रखते ही जिज्ञासुओं में खुशी की लहर दौड़ गई।बाद में भव्य सत्संग हाल के अंदर स्थित मंडप में श्री सत्यनारायण देव स्थापित कर उनका विधि विधान से पूजन किया गया। तत्पश्चात तिर्वा कन्नौज से पधारी बी के किरन बहन ने श्रद्धालुओं को श्री सत्यनारायण देव की कथा श्रवण कराई।कथा श्रवण कराते हुए बीके किरन ने बताया कि श्री सत्यनारायण देव की कथा में कलावती और लीलावती की कथा ही हम सब आत्माओं की कथा है।इस संसार सागर में जीवन की नाव डूबती है और परमपिता परमात्मा के सानिध्य से पुनः ऊपर आ जाती है। उन्होंने जिज्ञासुओं को बताया कि अपने शुभ संकल्पों में दृढ़ता का प्रसाद लेकर जाएंगे, तब सभी आत्माओं की कथा सफल होगी।किंतु कथा श्रवण कराने वाले ब्राह्मण का पांचों विकार रहित होना आवश्यक है। उन्होंने जिज्ञासुओं से आज इस पावन अवसर पर एक विकार का दान देने की अपील की।राजयोग केंद्र लखनऊ की बीके सुनीता ने बताया कि सुख-दुख, लाभ-हानि व जय-पराजय में समता आ जाय तो समझो यह जीवन सार्थक हो गया। पंजाब प्रांत से पधारी बीके रुक्मिणी ने बताया कि अपनी सभी बुराइयां शिव बाबा को अर्पित कर दें तो आत्मा नर से नारायण बन जाएगी। कन्नौज की बीके सुमन लता ने सभी जिज्ञासुओं को अपने में देवताओं के संस्कार जागृत करने और दूसरों में भी जागृत कराने की सीख दी। अंत में नगर राजयोग केंद्र संचालिका बीके सरला बहन ने सभी ब्रम्हा कुमारियों का अभिनंदन किया और जनमानस का आह्वान किया कि ब्रह्माकुमारी सेंटर सभी की नैतिक आध्यात्मिक एवं चरित्र निर्माण की सेवा में समर्पित है। इसके अलावा बीके पूनम बिलग्राम, बीके हीरा औरैया, बीके कौशल्या बिल्हौर कानपुर, बीके पुष्पा सफीपुर, बीके विशुना कानपुर देहात, साध्वी, ज्योति व प्रीति आदि बहनों के अलावा महेश फौजी ने भी जिज्ञासु भाई-बहनों को केंद्र पर आकर राजयोग का ज्ञान प्राप्त करने की अपील की।

# मां चंडिका धाम में भव्य दिव्य गंगा आरती का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। माँ चंडिका धाम, बक्सर में समाजसेवी अनुराग त्रिवेदी के नेतृत्व में आयोजित भव्य-दिव्य गंगा आरती एवं महाप्रसाद कार्यक्रम का शुभारंभ अमर बलिदानी राजा राव रामबक्स सिंह की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। उपस्थित जनों ने उनके राष्ट्रसमर्पित जीवन एवं बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए स्वच्छता एवं राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया।

इसके उपरांत गंगा माता के बढ़े हुए जलस्तर एवं बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम श्रद्धा, सादगी एवं सुरक्षा के साथ सीमित रूप में आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य माँ गंगा का पूजन-अर्चन एवं दिव्य आरती संपन्न हुई तथा क्षेत्र, प्रदेश एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इतिहास संकलन योजना के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री संजय ने अपने अभिभाषण में कहा कि माँ गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति, आस्था और राष्ट्रीय चेतना की जीवनधारा हैं। उन्होंने कहा कि अपने गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत एवं प्रकृति के संरक्षण का दायित्व हम सभी का है। कार्यक्रम के आयोजक अनुराग त्रिवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि गंगा माता की बाढ़ की वर्तमान स्थिति को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्यक्रम को सीमित स्वरूप में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि माँ गंगा के प्रति श्रद्धा, सेवा और जनजागरण का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया तथा माँ गंगा से क्षेत्र, प्रदेश एवं राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजन त्रिवेदी, लल्ला द्विवेदी, मोहित द्विवेदी, डिंपल द्विवेदी, गुड्डू पंडित, लाला बाबू, लाला द्विवेदी, पंकज द्विवेदी, मून द्विवेदी, बचन्नु द्विवेदी, नितिन द्विवेदी, अंकित पांडेय, मुन्ना सिंह, रामप्रकाश, दिलीप गौतम, रोहित रावत, साहिल रावत, अमित यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# एमआरएफ सेंटर में अज्ञात चोरों ने कंपोस्टिंग प्लांट के कीमती उपकरणों को चुराया

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के बायपास मार्ग स्थित नगर पालिका के एमआरएफ सेंटर में अज्ञात चोरों ने कंपोस्टिंग प्लांट के कीमती उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। चोरो ने लाखों रुपये के सामान के साथ कार्यालय और स्टोर के ताले भी तोड़ दिए। घटना की जानकारी मिलते ही पालिका कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और अधिशाषी अधिकारी को लिखित सूचना देकर कार्रवाई की मांग की गई है।पालिका कर्मचारी शाहनवाज ने लिखित सूचना मे बताया कि एमआरएफ सेंटर पर रात्रि ड्यूटी करने वाले पालिका कर्मी राजेश तीन दिन की छुट्टी पर गए हुए हैं। इसी दौरान चोरों ने सेंटर को निशाना बनाया। चोरी हुए सामान में तीन मोटर, गियर, चेन, स्पार्केट सहित अन्य महत्वपूर्ण मशीनरी के पुर्जे शामिल हैं। इसके अलावा कार्यालय और स्टोर में रखा अन्य सामान भी चोर उठा ले गए। चोरी की वारदात से एमआरएफ सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। पालिका अधिकारियों ने मामले की जांच कराते हुए पुलिस को सूचना देने की बात कही है। आशंका जताई जा रही है कि चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अब घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है।

# एएसपी व एसडीएम ने किया यात्रा मार्गों व विश्राम स्थलों का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



परियर, उन्नाव। आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। मंगलवार, 28 जुलाई 2026 को सफीपुर क्षेत्र में कांवड़ यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न रूटों का सघन निरीक्षण किया।

?प्राप्त जानकारी के अनुसार, दीपक यादव सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी, सफीपुर व फाल्गुनी सिंह उपजिलाधिकारी, सफीपुर ने संयुक्त रूप से थाना सफीपुर एवं थाना माखी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रमुख मार्गों का दौरा किया।

इन प्रमुख स्थानों का हुआ मुआयनाः

अधिकारियों ने परियर, पावा और चकलवंशी क्षेत्रों में कांवड़ यात्रा के निर्धारित रूट का बारीकी से निरीक्षण किया। इसके साथ ही, उन्होंने कांवड़ यात्रियों (शिवभक्तों) के ठहरने के लिए बनाए गए विश्राम स्थलों और वहां उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं को भी परखा।

**अधिकारियों ने दिए सख्त दिशा-निर्देशः**

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मार्ग में पड़ने वाले अवरोधों, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था और सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

सुचारू व्यवस्थाः संबंधित थाना प्रभारियों और मातहत कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि कांवड़ियों के आवागमन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

यातायात और सुरक्षाः यात्रा मार्ग पर यातायात को सुव्यवस्थित रखने और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों को कोई असुविधा न हो और संपूर्ण यात्रा हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो।

# रसोईया के आकस्मिक निधन से शोकाकुल परिजनों को शिक्षक परिवार ने आर्थिक सहायता की प्रदान

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। प्राथमिक विद्यालय गहरेंदा की दिवंगत रसोईया रामकली के आकस्मिक निधन के उपरांत बीघापुर शिक्षक परिवार एवं विभिन्न शिक्षक संगठनों द्वारा वर्षों से चली आ रही मानवीय परंपरा का निर्वहन करते हुए उनके शोकाकुल परिवार को 46,600 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि परिवार के किसी सदस्य पर आने वाले दुख की घड़ी में पूरा शिक्षक समाज सदैव एकजुट होकर उसके साथ खड़ा रहता है। सभी शिक्षकों के सहयोग से एकत्रित की गई धनराशि स्व. रामकली के परिजनों को ससम्मान भेंट की गई तथा उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से धनेन्द्र बहादुर सिंह, संजय पांडे, दिनेश कुमार, गणेश शंकर गुप्ता, अशोक कुमार, राज किशोर, काली किशोर, सुरेंद्र सिंह, सरोजिनी देवी सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।बीघापुर शिक्षक परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# पम्पिंग सेट चोरी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल परिजनों का आरोप पुलिस ने पहले जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। थाना बारा सगवर क्षेत्र के गाँव जगतपुर निवासी सचिन पांडेय पुत्र रमेश चंद्र पांडेय ने तहरीर देकर बताया था कि उसके घर मे भूसा रखने की जगह पर रखा हुआ तीन क्विंटल लाही व पम्पिंग सेट गायब था । परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर गाँव के ही ननकऊ , गुलशन , नितेश व इंजाम को आरोपी बनाया था । पुलिस पूछताछ दौरान आशीष पुत्र रामकुमार द्वारा चोरी किए हुए इंजन खरीदने की बात सामने आई । गौतलब है कि आशीष कबाड़ खरीदने का काम करता है । सोमवार दोपहर ऊँचगाव चौकी इंचार्ज रामचंद्र मिश्रा ने हम फोर्स सादी वर्दी में दबिश डाल आशीष को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को घायल अवस्था मे पुलिस सौ बेड शैय्या बीघापुर ले गयी ये बात पता चलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया । बहन रोमी, माँ मधू देवी ने पुलिस अभिरक्षा में मारपीट का आरोप लगाया। बहन ने बताया जब वह परिजनों के साथ बीघापुर अस्तपताल पहुँची पुलिस ने भाई से मिलने नही दिया व उसके भाई के बेड पर बहुत सा खून पड़ा था। इस संबंध में जब थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा से बात की गई उन्होंने बताया गिरफ्तारी के दौरान पुलिस से बचने के लिए खेतो में कूद गया था जिसमे लगे आरी ब्लेड तार से उसके एड़ी के पास कट गया था। प्राथमिक उपचार उपरान्त उसे जेल भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपी बेबुनियाद है।

# प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई का निर्वाचन संपन्न, प्रदीप द्विवेदी निर्विरोध अध्यक्ष बने

अमन लेखनी समाचार




परियर, उन्नाव। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की विकास खंड सिकंदरपुर सरोसी इकाई का अधिवेशन एवं निर्वाचन सोमवार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। तीनों प्रमुख पदों पर एक-एक नामांकन होने के कारण अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष का निर्वाचन निर्विरोध घोषित किया गया।

प्रांतीय मंत्री एवं जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय तथा जिलामंत्री गजेंद्र वर्मा द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार पर्यवेक्षक महेंद्र कुमार तहसील प्रभारी, उन्नाव निर्वाचन अधिकारी राजीव श्रीवास्तव जिला संगठन मंत्रीतथा अभिषेक मिश्रा अध्यक्ष, सिकंदरपुर कर्ण इकाई ) की देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराई गई।

निर्वाचन अधिकारी ने पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मोमिनपुर के शिक्षक प्रदीप कुमार द्विवेदी को अध्यक्ष, प्रवीण शर्मा को महामंत्री तथा आलोक तिवारी को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप कुमार द्विवेदी ने कहा कि संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता शिक्षकों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पूरी टीम के साथ संगठन की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।निर्वाचन कार्यक्रम में अजय कुमार बाजपेई, अंशुमान शर्मा, रामचंद्र, नीरज कुमार, गिरीश पांडे, राजेश कुमार, शिव शंकर, शशि प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज द्विवेदी, रमाकांत, मोहम्मद कयामुद्दीन, असलम, आनंद यादव, अनूप मिश्रा, शिखा मिश्रा, अनीता वर्मा, ट्विंकल बाबले, गीता देवी, विमला यादव, उर्मिला यादव, प्रशांत बाजपेई, नंद किशोर द्विवेदी, प्रशांत चंद्र शुक्ला, इंदु पांडे, प्रभाकर सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा के बाद उपस्थित शिक्षकों ने खुशी जताई और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान उन्हें शपथ दिलाई गई तथा सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत पिता ने की कार्यवाही की मांग

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। साथियों के साथ गए युवक को चोट लगने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई जिसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया किंतु बाद में दुर्घटना से मौत होने की जानकारी होने पर पिता ने पुलिस से शव खुदवाकर पोस्टमार्टम कराए जाने व साथ ले जाने वाले लोगों पर कार्यवाही की मांग की है।पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही में लगी हुई है।

थानाक्षेत्र सफीपुर ग्रामीण के निवासी सुरेश पुत्र गंगादीन ने बेहटा मुजावर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 30 जून को देर शाम करीब 9 बजे उसके पुत्र अनिल जो डी फार्मा का छात्र है उसे गांव के ही कुछ लड़के दोस्तों के बुलाने की बात कहकर लिवा ले गए इस दौरान उनके पुत्र ने कुछ देर बाद वापस आने की बात कहकर घर से निकला किंतु काफी समय गुजरने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटा तो पुत्र को फोन लगाया जो रिसीव नहीं हो सका जिसके बाद रात्रि करीब 2 बजे एक युवक की मां ने घर आकर सूचना दी कि उनका पुत्र चोटिल अवस्था में उन्नाव जिला अस्पताल में भर्ती है उन्नाव पहुंचने के बाद वह पुत्र को घायल अवस्था में इलाज हेतु ले जा रहा था तभी उसकी मौत हो गई पीड़ित पिता ने पुलिस से कहा है कि उसे पूर्ण विश्वास है कि साथ ले जाने वाले युवक ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसके पुत्र को घायल कर दिया जबकि घटना के बाद उसे भ्रमित कर दिया गया जिससे उसने बिना पोस्टमार्टम के ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया अब आरोपी एक राय होकर दुर्घटना से चोट लगने की बात कह रहे है।

जिससे पिता ने मौत का सही कारण जानने हेतु शव खुदवाकर पोस्टमार्म कराने की मांग की है साथ ही साथ ले जाने वाले अरविंद पुत्र मंसाराम, रामसागर पुत्र छोटेलाल, रजनीश पुत्र रजेपाल को नामित करते हुए कार्यवाही की मांग की है।पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही में जुटी हुई है।

# घर में घुसकर की मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र के बलसिंह खेड़ा मजरा अहेसा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों द्वारा घर में घुसकर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी माया देवी पत्नी शिवबरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 जुलाई को उनका बेटा रवि और भतीजा विवेक खेत से घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के रामधार, रज्जोले, दिनेश और मुकेश ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों युवकों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। किसी तरह दोनों घर पहुंचे तो आरोपित धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए और हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचीं माया देवी पर भी हमला किया गया। हमले में माया देवी और उनके भतीजे विवेक के सिर में गंभीर चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित जान से मारने की नीयत से हमला करने आए थे। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जीएसटी विभाग पर व्यापारियों का उत्पीड़न करने का आरोप

## शाहजहांपुर में धरना प्रदर्शन किया, बोले- लगातार बढ़ रहा भ्रष्टाचार

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर,उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारियों ने जीएसटी विभाग के अधिकारियों पर मनमानी और व्यापारियों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। व्यापारियों ने इस संबंध में धरना प्रदर्शन किया और प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की है कि जिन व्यापारियों का कर जमा है, उनकी तकनीकी कमी या मानवीय भूलों के आधार पर वाहनों को रोककर जुमार्ना लगाने पर रोक लगाई जाए। पदाधिकारियों ने ज्ञापन में बताया कि सचल दस्तों द्वारा पूरा टैक्स जमा होने के बावजूद तकनीकी आधार पर (मानवीय भूलों) अनावश्यक कमियां निकालकर जुमार्ना वसूला जा रहा है, जिससे भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। उनका कहना था कि सचल दस्तों का काम कर अपवंचना को रोकना है, न कि तकनीकी या मानवीय भूलों के आधार पर जुमार्ना लगाना व्यापारियों का हो रहा उत्पीड़न एक अन्य प्रमुख मांग में, व्यापारियों ने कहा कि जीएसटी अधिनियम के तहत 40 लाख रुपये तक का व्यापार करने वाले व्यापारियों को पंजीकरण से छूट प्राप्त है। हालांकि, विभागीय अधिकारी अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए कम टर्नओवर वाले व्यापारियों को भी उत्पीड़न कर पंजीकरण प्राप्त करने के लिए बाध्य कर रहे हैं। उन्होंने 40 लाख से कम कारोबार करने वाले व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण के लिए बाध्य करने पर रोक लगाने की मांग की। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि एस.आई.बी. जांच और सर्वे के दौरान व्यापारियों को भारी धनराशि कर के रूप में जमा करने के लिए मजबूर किया जाता है। उन्होंने कहा कि जांच का निर्णय पूरा होने से पहले किसी भी प्रकार का कर जमा कराना गलत है, जिसके लिए उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय द्वारा भी समय-समय पर आदेश पारित किए गए हैं। जीएसटी अधिकारियों द्वारा जांच और सर्वे के समय दबाव बनाकर धन जमा कराना पूरी तरह गलत है।

**पड़ोसी देश पाकिस्तान के विरुद्ध 3 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध शुरू हुआ था। भारत ने 26 जुलाई 1999 को इस पर निर्णायक सैन्य विजय हासिल की। इसी परिप्रेक्ष्य में आज हम कारगिल विजय को याद कर रहे हैं। कारगिल विजय दिवस केवल अतीत के शौर्य का स्मरण करने का अवसर नहीं, यह भविष्य की चुनौतियों को समय रहते पहचानने और उनसे निपटने की प्रेरणा भी देता है। कारगिल में दुश्मन ने पहाड़ों की ऊंचाइयों का सहारा लिया था, जबकि आज वही चुनौती समुद्र की गहराइयों में दिखाई दे रही है। हालांकि इन बदलती परिस्थितियों से भारत पूरी तरह सजग है। भारतीय नौसेना लगातार अपनी समुद्री क्षमता का आधुनिकीकरण कर रही है। स्वदेश निर्मित कलवरी श्रेणी की आधुनिक पनडुब्बियां नौसेना की ताकत बढ़ा रही हैं। 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण को बहुत बढ़ावा मिला है। यही वजह है कि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल रक्षा उत्पादन 1.5 लाख करोड़ से अधिक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। जहां तक भारत के उत्पाद की बात है तो अब स्वदेशी रूप से ब्रह्मोस मिसाइल, आर्टिलरी गन और रडार जैसे 65 प्रतिशत से ज्यादा महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों का घरेलू स्तर पर निर्माण हो रहा है।** ***इन्हीं तैयारियों की पड़ताल करता आजकल का यह खास अंक...***

# अब पाक सरहद पर पुख्ता सुरक्षा तैयारियां



विश्लेषण
प्रभात कुमार राय
वरिष्ठ स्तंभकार

**कारगिल युद्ध में भारत सेना के 527 सैनिक और अधिकारी शहीद हुए और तकरीबन 1500 से अधिक सैनिक बुरी तरह से जख्मी हुए थे। कारगिल युद्ध के बुनियादी कारणों की जांच पड़ताल अंजाम दी गई तो नतीजा सामने आया कि भारत-पाक सरहद पर सैन्य सर्विलांस की काफी कुछ कमी कायम बनी रही थी। युद्ध के तत्पश्चात भारतीय सरहद पर सर्विलांस के लिए बहुत ही शानदार और प्रखर इंतजामात भारतीय सेना द्वारा अंजाम दिए गए हैं। भारतीय सरहद की निरंतर निगरानी रखने के लिए भारतीय वायु सेना के ड्रोन लगातार उड़ानें भरते रहते हैं। सरहद पर मिलिट्री इंटेलिजेंस सेटअप को अत्यंत शक्तिशाली बनाया गया है। डीआरडीओ के पास 10 की अपेक्षा आज तकरीबन 50 से अधिक प्रयोगशालाएं हैं।**

पाकिस्तान के विरुद्ध 3 जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध का आगाज़ हुआ था। इसका समापन भारत की निर्णायक सैन्य विजय के साथ 26 जुलाई 1999 को संपन्न हुआ। भारत को आखिरकार कारगिल युद्ध क्यों लड़ना पड़ा? कारगिल युद्ध में भारत सेना के 527 सैनिक और अधिकारी शहीद हुए और तकरीबन 1500 से अधिक सैनिक बुरी तरह से जख्मी हुए थे। कारगिल युद्ध के बुनियादी कारणों की जांच पड़ताल अंजाम दी गई तो नतीजा सामने आया कि भारत-पाक सरहद पर सैन्य सर्विलांस की काफी कुछ कमी कायम बनी रही थी। सौभाग्य से तोशी नामग्याल नाम के एक शैफर्ड द्वारा भारतीय सरहदी क्षेत्र में पाक घुसपैठ की सूचना भारतीय सेना को तत्काल प्रदान की गई। शैफर्ड ताशी नामग्याल का एक याक गुम हो गया था, उसी को ढूंढते हुए उसने सरहद के कुछ सैन्य बंकरों में सैन्य हलचल देखी। ज्ञात हुआ कि बटालीक पहाड़ियों के भारतीय सैनिक बंकरों पर पाक सैनिकों ने आधिपत्य स्थापित कर लिया गया।

कारगिल युद्ध के तत्पश्चात भारतीय सरहद पर सर्विलांस के लिए बहुत ही शानदार और प्रखर इंतजामात भारतीय सेना द्वारा अंजाम दिए गए हैं। भारतीय सरहद की निरंतर निगरानी रखने के लिए भारतीय वायु सेना के ड्रोन लगातार उड़ानें भरते रहते हैं। सरहद पर मिलिट्री इंटेलिजेंस सेटअप को अत्यंत शक्तिशाली बनाया गया। भारत का डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन- डीआरडीओ 1958 में स्थापित किया गया था। उस वक्त डीआरडीओ के पास केवल 10 प्रयोगशालाएं थी। आज के दौर में डीआरडीओ के पास तकरीबन 50 से अधिक प्रयोगशालाएं हैं।

आजकल डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं में तकरीबन 5000 वैज्ञानिक और 25000 तकनीशियन कार्यरत हैं। सर्वविदित है कि प्रारम्भिक काल में भारत को अपनी सैन्य रक्षा उपकरणों और सामग्री के लिए काफी हद तक तत्कालीन सोवियत रूस पर निर्भर रहना पड़ा था। भारत द्वारा बड़े पैमाने पर फ्रांस, इजराइल और अमेरिका से भी सैन्य अस्त्र-शस्त्र आयात किए जाते रहे हैं।

## जापान संग सैन्य सुरक्षा सहयोग

भारत द्वारा अमेरिका के कूटनीतिक दबाव का प्रबल मुकाबला करते हुए मिसाइल डिफेंस प्रणाली एस 400 का निर्माण रूस के तकनीकी सहयोग से भारत में ही किया गया है। समुद्र के भीतर 6000 मीटर नीचे चलने वाली पनडुब्बी अरिहंत को हाल ही में न्यूक्लियर अस्त्रों से लैस किया गया है। एएसटीआरए मिसाइल का निर्माण भी भारत में ही किया जा रहा है। हाल ही में जब जापान की प्रधानमंत्री भारत पधारी, भारत और जापान के मध्य एक रक्षा समझौता अंजाम दिया गया। चीन के विस्तारवाद का मुकाबला करने के लिए जापान द्वारा अब पुनः एक सैन्य शक्ति बन जाने का निर्णय किया गया है। अमेरिका के सुरक्षा अंब्रेला से जापान का विश्वास पूरी तरह उठ चुका है। विश्व युद्ध के बाद जापान ने सैन्य शक्ति के रूप में अपना अस्तित्व समाप्त कर दिया था। किंतु एशिया में उत्पन्न हुए हालात को देखते हुए जापान ने अब फिर से सैनिक शक्ति बन जाने की तरफ अपने कदम बढ़ा दिए हैं। भारत के साथ जापान का सैन्य सुरक्षा सहयोग यकीनन एशिया में एक नया सुरक्षी आयाम स्थापित करेगा। विश्व पटल पर अरब देशों के पश्चात, भारत सबसे अधिक सैन्य अस्त्र शस्त्रों को आयात करने वाला राष्ट्र रहा है।

## देश ने आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ाए कदम

कारगिल युद्ध के तत्पश्चात विगत दो दशकों से भारत द्वारा अत्यंत शक्तिशाली ढंग से सैन्य अस्त्र-शस्त्रों के निर्माण में आत्मनिर्भरता की तरफ कदम बढ़ाए गए। डीआरडीओ द्वारा कॉम्बैट ड्रोन का निर्माण करने की दिशा में बड़ा वैज्ञानिक कारनामा अंजाम दिया गया। तेजस एयर जेट लड़ाकू विमानों का भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू किया गया। डीआरडीओ द्वारा हाइपरसोनिक मिसाइल्स का निर्माण संभव हुआ। भारत में बैलिस्टिक मिसाइल्स का भी निर्माण प्रारंभ किया गया। रूस द्वारा प्रदत्त सैन्य तकनीक से भारत में ही ब्रह्मोस मिसाइलों का निर्माण किया गया। अग्नि मिसाइलों का निर्माण किया गया। आकाश मिसाइलों का निर्माण किया गया। नाग मिसाइलों का निर्माण किया गया। डीआरडीओ का मूल मंत्र है- बलस्य मूलम् विज्ञानम् अर्थात शक्ति की बुनियाद में विज्ञान निहित है। इस वर्ष के बजट में डीआरडीओ को तकरीबन 25000 करोड़ का बजट प्रदान किया गया है। डीआरडीओ द्वारा खोजी गई वैज्ञानिक तकनीकों को इस्तेमाल करके आत्मनिर्भर भारत द्वारा आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों का निर्माण करके युद्ध मैदान के लिए निर्मित किया जाता है। सैन्य अस्त्र शस्त्रों का निर्माण मुख्यतः हिंदुस्तान एरॉनोटिक लिमिटेड, बीइएल, एडीए, एल एन्ड टी टाटा एडवांस और भारत फोर्ज द्वारा किया जाता रहा है।

## अस्त्र-शस्त्रों का निर्यात

अब तस्वीर शनैः शनैः बदल रही है, क्योंकि भारत अस्त्र-शस्त्रों के निर्यात वाला देश के तौर पर उभर रहा है। फिलिपींस और दक्षिण कोरिया के साथ ही दक्षिण एशिया के अनेक देश भारतीय अस्त्र-शस्त्रों को आयात करने के लिए तत्पर हैं। अस्त्र शस्त्रों के निर्यात में अब भारत वस्तुतः एशिया के देशों में चीन के विकल्प के तौर पर उभर रहा है। भारतीय सेना विश्व की चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है। भारतीय सेना के पास आजकल विश्व श्रेष्ठतम अस्त्र शस्त्र विद्यमान है। भारतीय सेवा के पास तकरीबन 130 न्यूक्लियर वारहेड्स विद्यमान है। भारत द्वारा यूएई को आर्टिलरी अस्त्र निर्यात किए गए हैं। मॉरीशस और म्यांमार को मिसाइल और एयरक्राफ्ट्स निर्यात किए गए हैं। आने वाले वक्त में भारत में निर्मित सैन्य अस्त्र शस्त्रों का निर्यात बहुत तेजी के साथ वृद्धि करने वाला है। भारत को वस्तुतः दो युद्ध मोर्चे पर तैयार रहना है, पहला युद्ध मोर्चा पाकिस्तान का है और दूसरा है चीन का। भारत द्वारा विश्व के 20 प्रमुख देशों के साथ अस्त्र शस्त्रों की टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर समझौते अंजाम दिए हैं। विगत एक दशक से भारत आधुनिकतम अस्त्र शस्त्रों के निर्माण का एक बड़ा देश बन रहा है।

## प्राइवेट सेक्टर को भी अनुमति

अपनी सैन्य शक्ति को अत्यधिक शक्तिशाली बनाने की राह में भारत ने मॉरीशस के अगालेगा द्वीप पर एक मिलिट्री बेस तैयार करना प्रारंभ किया है। हिंद -प्रशांत महासागर में भरत को चीन की सैन्य चुनौतियों का सामना करना है। भारत और मालदीव ने एक सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत मालदीव के सिवारू द्वीप पर भारत और मालदीव एक साथ रक्षात्मक तैयारी अंजाम देंगे। भारत में विगत कुछ वर्षों के दौरान अपनी सुरक्षा व्यवस्था को अत्यंत शक्तिशाली बनाने की कोशिश की है। आधुनिकतम सैन्य अस्त्र शास्त्रों के निर्माण क्षेत्र में भारत ने प्राइवेट सेक्टर को भी प्रवेश करने की अनुमति प्रदान की है। पाकिस्तान द्वारा सैन्य शक्ति से कश्मीर को हड़पने के लिए संचालित प्रॉक्सीवार का विगत 38 वर्षों से भारत ने कामयाबी के साथ प्रबल मुकाबला किया है। विश्व के सात देशों में शामिल है भारत, जोकि अपने ही देश में आधुनिकतम फाइटर जेटों का, आधुनिकतम टैंकों का, पनडुब्बियों का, मिसाइलों का निर्माण करने में सक्षम हैं। विगत 4 वर्षों के दौरान ही प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने तकरीबन ढाई लाख करोड़ रुपये भारतीय सेना का आधुनिकरण करने के लिए खर्च किए हैं।



# चीन निर्मित पाक पनडुब्बियां बनी नई सामरिक चुनौती



संघर्ष
रमेश चंद्र
रि. नायब सूबेदार

प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को पूरा देश कारगिल विजय दिवस मनाकर उन वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन करता है, जिन्होंने 1999 के कारगिल युद्ध में अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान का परिचय देते हुए भारत की सीमाओं की रक्षा की। कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना की आर्टलरी व आर्मर्ड कॉर्प्स का जम्मू एरिया में बहुत बड़ा योगदान था। आर्टलरी की बोफोर्स तोपों की मदद से हमारी विजय की गाथा लिखी गई। कारगिल युद्ध केवल एक सैन्य विजय नहीं था, बल्कि उसने देश को यह सीख भी दी कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही घातक साबित हो सकती है। शत्रु की रणनीति समय के साथ बदलती रहती है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को भी लगातार नए खतरों के अनुरूप मजबूत बनाना आवश्यक है।

आज जब हम कारगिल विजय को याद कर रहे हैं, तब यह समझना भी जरूरी है कि भविष्य की चुनौतियां अब केवल पहाड़ों तक सीमित नहीं हैं। समुद्र की गहराइयों में भी ऐसे खतरे आकार ले रहे हैं, जिन पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। कारगिल युद्ध और उसके बाद कई प्रत्यक्ष तथा परोक्ष संघर्षों में अपेक्षित सफलता न मिलने के बाद पाकिस्तान ने अपनी सैन्य रणनीति में बदलाव किया है। थल सीमा पर भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति को देखते हुए उसने समुद्री क्षमता बढ़ाने पर जोर देना शुरू किया है। इस दिशा में उसे सबसे बड़ा सहयोग चीन से मिल रहा है। चीन और पाकिस्तान का बढ़ता रक्षा सहयोग अब हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के लिए नई सामरिक चुनौती बनकर सामने आ रहा है। वर्ष 2015 में चीन और पाकिस्तान के बीच हुए रक्षा समझौते के तहत चीन पाकिस्तान को आठ आधुनिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियां उपलब्ध करा रहा है। ये चीन की युआन श्रेणी की उन्नत पनडुब्बियों का निर्यात संस्करण हैं, जिन्हें पाकिस्तान ने 'हांगोर श्रेणी' नाम दिया है। अगले कुछ वर्षों में इन सभी के पाकिस्तान नौसेना में शामिल होने की संभावना है, जिससे उसकी समुद्री क्षमता पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हो जाएगी। इन पनडुब्बियों की सबसे बड़ी विशेषता एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) प्रणाली है। सामान्य डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों को कुछ दिनों बाद बैटरियां चार्ज करने के लिए समुद्र की सतह पर आना पड़ता है। ऐसा करते समय उनके रडार या समुद्री गश्ती विमानों की नजर में आने की संभावना बढ़ जाती है। इसके विपरीत, एआईपी तकनीक से लैस पनडुब्बियां लगभग पंद्रह से बीस दिनों तक बिना सतह पर आए समुद्र की गहराई में रह सकती हैं। इससे उनका पता लगाना और उन्हें निशाना बनाना कहीं अधिक कठिन हो जाता है। अरब सागर जैसे विशाल समुद्री क्षेत्र में ऐसी पनडुब्बिया किसी भी नौसेना के लिए बड़ी चुनौती बन सकती हैं। यह खतरा केवल सैन्य दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि भारत की आर्थिक सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। भारत का अधिकांश विदेशी व्यापार और ऊर्जा आयात समुद्री मार्गों के माध्यम से होता है। यदि किसी संघर्ष की स्थिति में पाकिस्तान इन पनडुब्बियों की मदद से व्यापारिक जहाजों, तेल आपूर्ति या महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों को बाधित करने का प्रयास करता है, तो इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। भविष्य में यदि इनसे लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों का संचालन होता है, तो भारत के तटीय शहरों, नौसैनिक अड्डों और सामरिक प्रतिष्ठानों के सामने नई चुनौती खड़ी हो सकती है। इसके साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी और पाकिस्तान के साथ उसका गहरा होता सैन्य सहयोग भारत के लिए दोहरे दबाव की स्थिति पैदा करता है। चीन लंबे समय से हिंद महासागर में अपने प्रभाव का विस्तार करने की रणनीति पर काम कर रहा है और पाकिस्तान इसमें उसका महत्वपूर्ण साझेदार बनता जा रहा है। हालांकि इन बदलती परिस्थितियों से भारत पूरी तरह सजग है। भारतीय नौसेना लगातार अपनी समुद्री क्षमता का आधुनिकीकरण कर रही है। स्वदेश निर्मित कलवरी श्रेणी की आधुनिक पनडुब्बियां नौसेना की ताकत बढ़ा रही हैं। इनमें स्वदेशी एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन प्रणाली जोड़ने की दिशा में भी कार्य चल रहा है। इसके अलावा पी-8आई पोसाइडन समुद्री टोही विमान, एमएच-60आर रोमियो हेलीकॉप्टर और आधुनिक पनडुब्बी रोधी प्रणालियां हिंद महासागर क्षेत्र में हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने में सक्षम हैं। प्रोजेक्ट-75(आई) के तहत नई पीढ़ी की अत्याधुनिक पनडुब्बियों के निर्माण की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही स्वदेशी रक्षा तकनीक और समुद्री निगरानी तंत्र को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कारगिल विजय दिवस केवल अतीत के शौर्य का स्मरण करने का अवसर नहीं है। यह भविष्य की चुनौतियों को समय रहते पहचानने और उनसे निपटने की प्रेरणा भी देता है। कारगिल में दुश्मन ने पहाड़ों की ऊंचाइयों का सहारा लिया था, जबकि आज वही चुनौती समुद्र की गहराइयों में दिखाई दे रही है। यदि भारत सतर्कता, आधुनिक तकनीक और मजबूत रक्षा तैयारियों के साथ आगे बढ़ता रहा, तो समुद्र से उठने वाली हर चुनौती का भी प्रभावी ढंग से सामना कर सकेगा। यही कारगिल विजय दिवस का सबसे बड़ा संदेश है और यही उन अमर शहीदों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी।


**चीन और पाकिस्तान का बढ़ता रक्षा सहयोग अब हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के लिए नई सामरिक चुनौती बनकर सामने आ रहा है। वर्ष 2015 में चीन और पाक के बीच हुए रक्षा समझौते के तहत चीन पाकिस्तान को आठ आधुनिक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियां उपलब्ध करा रहा है।**

# गडकरी को ई-20 नीति से जोड़ना आधारहीन और भ्रामक

हिन्दी दैनिक 'अमन लेखनी ' लखनऊ



देश में इन दिनों पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिलाने की नीति यानी ई-20 फ्यूल को लेकर तीखी बहस छिड़ी हुई है। सोशल मीडिया पर विपक्ष द्वारा अक्सर यह दावा किया जाता है कि इस नीति के पीछे केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का हाथ है और इससे उनके परिवार को सीधा आर्थिक फायदा पहुंच रहा है। लेकिन अब इस पूरे विवाद पर खुद नितिन गडकरी ने बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए इन सभी दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि ई-20 पॉलिसी या इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम से उनका या उनके मंत्रालय का दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को ई-20 (इथेनॉल ब्लेंडिंग) पेट्रोल नीति से जोड़कर देखना और इसके लिए उन्हें या उनके परिवार को जिम्मेदार ठहराना तथ्यात्मक रूप से गलत है। नितिन गडकरी ने स्पष्ट किया है कि ई-20 ईंधन नीति से उनके सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का कोई लेना-देना नहीं है। यह पूरी तरह से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा बनाई और लागू की जाने वाली नीति है। वह कभी भी पेट्रोलियम मंत्रालय के प्रभारी नहीं रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनके परिवार (विशेषकर उनके बेटे और उनकी कंपनियों) को ई-20 नीति से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष वित्तीय लाभ मिलने के जो दावे किए जा रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि उनके परिवार की कंपनियों का इथेनॉल कारोबार में हिस्सा बेहद मामूली मात्र 0.5 प्रतिशत से भी कम है। गडकरी ने सारे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए 'दस्तावेजी झूठ' और छवि धूमिल करने की साजिश बताया है। सोशल मीडिया पर चल रहे इन भ्रामक प्रचार, डीपफेक वीडियो और फर्जी दावों के खिलाफ नितिन गडकरी ने बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया है और मेटा (फेसबुक/इंस्टाग्राम), एक्स (ट्विटर), गूगल/यूट्यूब के अलावा अन्य पक्षों के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। सार्वजनिक जीवन में नीतियों की आलोचना करना अलग विषय है, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति को इसके लिए कसूरवार ठहराना जिसका उस नीति से प्रशासनिक रूप से कोई संबंध ही न हो, पूरी तरह अनुचित है। सरकार के वैकल्पिक ईंधन और आयात बिल को कम करने के इस विजन को भले ही सड़क परिवहन मंत्री के बयानों से जोड़ा जाता रहा हो, लेकिन तकनीकी और प्रशासनिक तौर पर ई-20 नीति से नितिन गडकरी के व्यक्तिगत या उनके मंत्रालय के सीधे जुड़ाव का दावा पूरी तरह आधारहीन और भ्रामक है। जो प्रश्न पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मंत्री हरदीप पुरी से पुछने चाहिए वे प्रश्न जानबूझ कर केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से पुछे जा रहे है ताकि उनकी छवि को जनता के सामने खराब किया जा सके।



लेखक - बालकृष्ण उपाध्याय

# चैंपियन चानू की तिकड़ी

आज एक चैंपियन बेटी और चैंपियन की दहलीज पर खड़े बेटे की खेल-सफलताओं को सलाम करेंगे, जो मणिपुर जैसे हिंसाग्रस्त और जातीय तनाव से दपदपाते राज्य से आते हैं। बेटी मीराबाई चानू विश्व विख्यात भारोत्तोलक हैं। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों के 96 साल के इतिहास में एक नया मील-पत्थर स्थापित किया है, जब उन्होंने लगातार तीसरी बार (2018, 2022, अब 2026) स्वर्ण पदक जीता है। यह संयोग ही है कि तीनों बार भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक चानू बेटी ने ही जीता है। यकीनन मां भारती उल्लास और गर्व से डबडबा रही होंगी, क्योंकि जन गण मन की धुन सुनते और तिरंगे के सम्मान को देख कर बेटी चानू की आंखें भी भर आई थीं। ऐसा कीर्तिमान रचने वाली चानू अपने भार-वर्ग में विश्व की प्रथम महिला भारोत्तोलक हैं। मणिपुर के ही ऋषिकांत सिंह ने भी 60 किग्रा. भार-वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों का रजत पदक जीता और यकीनन भारत को गौरवान्वित किया। उन्होंने कुल 264 किलो वजन उठाया। यदि उनके घुटने में कोई दिक्कत न होती और उन्हें संघर्ष नहीं करना पड़ता, तो वह भी स्वर्णिम चैंपियन होते! क्लीन एंड जर्क में उनकी आखिरी दो कोशिशें चूक गईं, नहीं तो ऋषिकांत के गले में भी स्वर्ण पदक झूल रहा होता! बहरहाल हम इस उपलब्धि से भी खुश हैं और महान करार देते हैं। हमने शुरूआत में ही लिखा था कि बेटा चैंपियन बनने की दहलीज पर खड़ा है, ऋषिकांत ने उसे बहुत कुछ सटीक साबित कर दिया। वैसे वह 2025 की कॉमनवेल्थ वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भी हैं

# पेट्रोल की हाहाकार से नितिन गडकरी ने देश को बचाया

हिन्दी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ



यह तो नितिन गडकरी की दूर दृष्टि थी कि उन्होंने पेट्रोल की कमी को महसूस करते हुए पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी को सुझाव दिया कि जो 5 प्रतिशत एथेनॉल वाली पॉलिसी जो मनमोहन सिंह सरकार द्वारा लाई गई थी उसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया जाए तो इस समस्या का समाधान निकल सकता है हरदीप पूरी को सुझाव समझ आया और उन्होंने मंत्री मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से मंत्री मंडल ने मंजूरी दी इसी सुझाव की वजह से देश को पेट्रोल की कमी महसूस नहीं हुई अन्य देशों की तरह भारत में भी पेट्रोल की कमी हो जाती और लोगों को कतार में खड़ा होना पड़ता यदि नितिन गडकरी के सुझाव को मानकर पेट्रोल में 20% एथेनॉल नहीं मिलाया होता तो देश में बहुत बड़ी मुसीबत आ सकती थी क्योंकि कच्चे तेल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे थे ईरान अमेरिका और इजरायल के युद्ध के चलते कच्चे तेल का आना बंद हो गया था हमारे पास इतनी अधिक मात्रा में कच्चे तेल के भंडारण करने की क्षमता भी मौजूद नहीं थी कि हम उससे देश में पेट्रोल की आपूर्ति कर सके नितिन गडकरी सुझाव ने पेट्रोल की कमी को इथेनॉल से 20 प्रतिशत तक पूरा कियो जिसके कारण इस समस्या से बच पाए, नहीं तो देश में जिस प्रकार से कोरोना और नोटबंदी के समय हालात हुए थे उससे भी बदतर हालात अभी पेट्रोल के स्थिति में हो सकते थे देश पर आर्थिक संकट आने वाला था उस संकट को नितिन गडकरी ने 20% तक कम कर दियो भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चे तेल का आयातक और उपभोक्ता देश है देश की कुल दैनिक तेल की खपत लगभग 55 लाख बैरल प्रतिदिन की है भारत लगभग 40 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात कर रहा है भारत को कच्चे तेल के आयात के रूप में प्रतिदिन औसतन 3500 करोड़ से 4000 करोड़ तक रुपया विदेशों को चुकाने पड़ते है ब्रेंट क्रूड या इंडियन बास्केट की कीमतें प्रति बैरल जितनी बढ़ती है, दैनिक खर्च भी उतना ही बढ़ जाता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय तेल व्यापार अमेरिकी डॉलर में होता है इसलिए रुपए की स्थिति भी तय करती है कि भुगतान के लिए कितने रुपए खर्च करने होंगे नितिन गडकरी ने ई 20 के माध्यम से 800 करोड रुपए प्रतिदिन बचाए है अगर यह निर्णय नहीं लिया होता तो जो आज डॉलर की स्थिति है इसमें भी भारी इजाफा हुआ होतो जिससे देश आर्थिक संकट में आ सकता थो जो लोग आज ई 20 की पॉलिसी को लेकर चिल्ला रहे हैं, वे नहीं चाहते कि देश की स्थिति ठीक रहे देश की बड़ी बड़ी कम्पनियों ने जैसे मारुति, हुंडई आदि ने कहा है कि हमारे यहां लाखों गाड़ी प्रतिदिन सर्विस होती है लेकिन किसी भी गाड़ी के इंजन में कोई समस्या उत्पन्न ई 20 पेट्रोल से नहीं हो रही है अमेरिका ईरान के युद्ध के चलते हमारे सारे पड़ोसी देशों की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है सारे देशों में आर्थिक संकट गहराया हुआ है पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं, उसके बाद भी पेट्रोल की पूर्ति नहीं कर पा रहे है यह तो नितिन गडकरी की सूझबूझ थी कि देश के लोगों को पेट्रोल की इस कमी को महसूस नहीं होने दियो भारत में जो पेट्रोल के दाम बढ़े है वे अन्य देशों की तुलना में ना के बराबर है आज जो भाजपा सरकार में जो काम दिखाई दे रहा है उसमें सबसे अधिक योगदान रोड एवं ट्रांसपोर्ट मंत्रालय का ही दिखाई देता है आज देश में नेशनल हाईवे की स्थिति बहुत अच्छी हो गई है 12 वर्षों में नितिन गडकरी ने जो मंत्रालय संभाला है उसमें आज तक भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है आज भी नितिन गडकरी रोड एवं ट्रांसपोर्ट को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे है अगर देखा जाए तो आम जनता गडकरी के कामों की बहुत सराहना कर रही है और नितिन गडकरी के कामो से खुश दिखाई दे रही है लेकिन यही बात विपक्ष के लोगों को हजम नहीं हो रही है ई 20 की पॉलिसी को लेकर दुष्प्रचार और हल्ला किया जा रहा है अभी भी युद्ध रुका नहीं है, फिर भी गडकरी की वजह से ही देश में सामान्य स्थिति में पेट्रोल मिल रहा है सभी जगह पेट्रोल आसानी से उपलब्ध भी है और पेट्रोल की कीमत में जो इजाफा होना चाहिए था उतना इजाफा नहीं हो पाया इन्हीं वजहों से देश में सामान्य स्थिति है देश की जनता को नितिन गडकरी का धन्यवाद करना चाहिए इस कठिन परिस्थिति में भी देश की जनता को ई 20 के माध्यम से पेट्रोल की कमी का एहसास नहीं होने दियो ई 20 पॉलिसी को लेकर नितिन गडकरी के ऊपर जो आरोप प्रत्यारोप लगाये जा रहे, उन्हें जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है क्योंकि नितिन गडकरी ने केवल सुझाव दिया था मंजूरी तो पेट्रोलियम मंत्रालय एवं केन्द्रीय मंत्री मंडल द्वारा दी गई



लेखक बालकृष्ण उपाध्याय

## संक्षेप

### महिलाओं की समस्याओं पर होगी सीधी सुनवाई

**राज्य महिला आयोग लगाएगा जनसुनवाई शिविर**

(गौरीगंज), अमेठी , महिलाओं से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की ओर से अमेठी में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 27 जुलाई 2026 को गौरीगंज तहसील सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या महिलाओं की समस्याएं सुनेंगी। इस दौरान महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न सहित अन्य मामलों की शिकायतों पर सुनवाई कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रशासन ने जनपद की महिलाओं से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं को लेकर निर्धारित समय पर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कराया जा सके ।गौरीगंज तहसील में सुबह 11 बजे से शुरू होगी जनसुनवाईराज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या 27 जुलाई को अमेठी दौरे पर रहेंगी। वह गौरीगंज तहसील सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक महिलाओं की शिकायतें सुनेंगी। जनसुनवाई के दौरान महिलाएं अपनी व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक समस्याओं को सीधे आयोग की सदस्य के सामने रख सकेंगी। प्राासन ने कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। महिला उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के मामलों पर रहेगा फोकस जनसुनवाई में महिलाओं से जुड़े प्रमुख मामलों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद और अन्य समस्याओं से संबंधित शिकायतें शामिल रहेंगी। महिला आयोग का उद्देश्य है कि पीड़ित महिलाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराया जाए, जहां वे बिना किसी डर के अपनी बात रख सकें और उन्हें न्याय दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई हो सके। शिकायतों के निस्तारण के लिए मौजूद रहेंगे अधिकारी प्रशासन के अनुसार, जनसुनवाई कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इससे शिकायतों पर मौके पर ही आवश्यक जानकारी लेकर कार्रवाई की प्रक्रिया को तेज किया जा सकेगा।

### विद्युत दुर्घटना में युवक की हुई मौत

**मवईया रहमतगढ़ में उमड़ा जनसैलाब, नम आंखों से दी गई विदाई**

अमेठी , ग्रामसभा मवईया रहमतगढ़, बाजार सुकुल निवासी मनीष पासी का विद्युत दुर्घटना में निधन होने के बाद सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। कम उम्र में हुई इस दर्दनाक मौत से परिवार, रिश्तेदारों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और शुभचिंतक शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। बताया गया कि मनीष पासी की मौत विद्युत दुर्घटना के कारण हुई थी।

हादसे के बाद से ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## चेहल्लुम व कांवड़यात्रा को लेकर रूपईडीहा थाने में शांति समिति की बैठक संपन्न

### बिना अनुमति के नहीं निकलेगा कोई जुलूसः क्षेत्राधिकारी नानपारा

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। आगामी चेहल्लुम एवं कांवड़यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना रूपईडीहा परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी नानपारा चित्रांशु गौतम ने की। इसमें विभिन्न समुदायों के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, ताजियादारों, कांवड़ यात्रा से जुड़े लोगों, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं पत्रकारों ने भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी नानपारा ने शासन द्वारा जारी दिशा-निदेशों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना प्रशासनिक अनुमति के कोई भी जुलूस नहीं निकाला जाएगा, चाहे वह चेहल्लुम का ताजिया जुलूस हो या शिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ यात्रा।

इस दौरान स्थानीय समितियों के कुछ सदस्यों ने इस व्यवस्था पर आपत्ति जताते हुए कहा कि वर्षों से निकल रहे पारंपरिक जुलूसों के लिए पहले कभी अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं पड़ी। इस पर क्षेत्राधिकारी ने कहा कि शासन के नए निदेशों का पालन कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने जुलूस आयोजकों से समय रहते आवेदन देकर अनुमति प्राप्त करने की अपील की, ताकि निर्धारित समय में अनुमति जारी की जा सके।

उन्होंने ताजियादारों से अपील की कि ताजियों की ऊंचाई 10 फीट से अधिक न रखें तथा सभी लोग आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि रूपईडीहा की गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक सौहार्द की परंपरा को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। यदि जुलूस मार्ग या अन्य किसी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल स्थानीय प्रशासन अथवा सुरक्षा बलों को सूचित करें।

थाना प्रभारी रूपईडीहा हरेंद्र कुमार मिश्रा ने भी उपस्थित लोगों को शासन के निर्देशों से अवगत कराते हुए सभी से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे ताकि दोनों पर्व शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हो सकें।

बैठक का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सनत कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय मोहर्रम-चेहल्लुम कमेटी के अध्यक्ष हाजी अब्दुल माजिद, मोहम्मद कुद्दूस, अनीस टेलर, अतीक अहमद, अनीस किराना, हाफिज अतीक, सभासद मनोज प्रजापति, नरेंद्र मधेसिया, राजकुमार, जाकिर प्रधान, इरशाद सहित क्षेत्र के प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बाल श्रम के खिलाफ चला विशेष अभियान

### दुकानदारों व होटल संचालकों को जारी किए गए नोटिस

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। बाल श्रम उन्मूलन एवं बच्चों के अधिकारों के संरक्षण को लेकर मंगलवार को रुपईडीहा कस्बे में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न दुकानों, होटलों, ढाबों एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां नाबालिग बच्चों से कार्य कराए जाने की आशंका या बाल श्रम संबंधी अनियमितताएं मिलीं, वहां संबंधित दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालकों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। अभियान में जिला परामर्शदाता डिस्ट्रिक्ट कंसल्टेंट विकास जायसवाल, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश वर्मा, शिक्षा विभाग के एआरपी शैलेन्द्र कुमार, रुपईडीहा थाने के उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह तथा एक स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधि शामिल रहे। टीम ने बाजार क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर बाल श्रम निषेध कानून के संबंध में जानकारी दी और संचालकों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम कराना कानूनन प्रतिबंधित है। साथ ही किशोर श्रमिकों से संबंधित प्रावधानों का पालन करना भी आवश्यक है। उन्होंने व्यापारियों एवं होटल संचालकों से अपील की कि वे बच्चों को काम पर रखने के बजाय उन्हें शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। अभियान के दौरान टीम ने कहा कि बाल श्रम के मामलों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण अभियान के माध्यम से लोगों को बाल श्रम के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

## आगामी चुनाव व संगठन विस्तार को लेकर ऑल इंडिया पसमांदा उलेमा बोर्ड की बैठक संपन्न

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। ऑल इंडिया पसमांदा उलेमा बोर्ड के प्रदेश महासचिव मौलाना लाइक अहमद शाह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा एवं पंचायती राज चुनाव, संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश सलाहकार इबादुल हक अंसारी, जिला अध्यक्ष एजाज अहमद, जिला संयोजक मोहम्मद सलीम, जिला प्रभारी इरफान सिद्दीकी, प्रदेश सचिव सिराज अली कादरी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे ।मौलाना लाइक अहमद शाह ने कहा कि संगठन का उद्देश्य पसमांदा समाज की सामाजिक, शैक्षिक, आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करना है। उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक विस्तार देने और सदस्यता अभियान तेज करने का आह्वान किया। बैठक में जिला, ब्लॉक, नगर और ग्राम स्तर पर संगठनात्मक इकाइयों के गठन तथा अधिक से अधिक युवाओं, उलेमा और समाज के जिम्मेदार लोगों को जोड़ने का निर्णय लिया गया।



विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें मौलाना लाइक अहमद शाह के नाम पर संभावित प्रत्याशी के रूप में विचार-विमर्श किया गया। हालांकि अंतिम निर्णय संगठन का राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत और जनहितकारी बनाने का संकल्प लिया।

## मोटरसाइकिल चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

### पांच आरोपी गिरफ्तार, दो चोरी की बाइक बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर




रूपईडीहा, बहराइच। जिला प्रहरी कार्यालय नेपालगंज बांके पुलिस ने संगठित रूप से मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, 28 जुलाई 2026 को नेपालगंज उपमहानगरपालिका वार्ड नं0 10 स्थित स्टेपअप कैफे के बाहर पार्क की गई भे 11 प 6827 नंबर की होंडा शाइन मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना मिलने के बाद जांच शुरू की गई। जांच के दौरान इन्द्र प्रसाद थारू और सन्जु रेश्मी मगर चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलते हुए मिले, जिन्हें फुलटेकरा क्षेत्र से नियंत्रण में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस द्वारा किए जा रहे जांच में खुलासा हुआ कि दुडुवा गाउँपालिका वार्ड नं0 4 निवासी 22 वर्षीय समीर बागवान इस गिरोह का मुख्य आरोपी है। उसने मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद नेपालगंज उपमहानगरपालिका वार्ड नं0 18 स्थित एक स्टिकर हाउस में नंबर प्लेट बदलवाई थी। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस को उसके अन्य मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में भी शामिल होने के प्रमाण मिले।

आगे की जांच में पुलिस ने चोरी कर बेची गई एक अन्य मोटरसाइकिल तथा उसके खरीदार सहित कुल पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में समीर बागवान, इन्द्र प्रसाद थारू, सन्जु रेश्मी मगर, स्टिकर हाउस संचालक जाकिर हुसेन कवड़िया तथा सेमुदु खाँ शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भे 11 प 6827 नंबर की होंडा शाइन तथा भे 57 प 7768 नंबर की सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

जिला प्रहरी कार्यालय, बांके ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की भी पड़ताल की जा रही है।

## नियमों का उलंघन करने वाले 1052 वाहनों का हुआ चालान, दो सीज



### दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चलाया जा रहा चेकिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के तथा यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात पुलिस व नागरिक पुलिस लगातार चेकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही कर रही है। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में 1052 वाहनों का चालान किया गया तथा दो वाहनों को सीज किया गया जिसमें 12 लाख से अधिक रुपए की धनराशि का आनलाइन चालान किया गया। यातायात प्रभारी राम प्रकाश ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर फखरपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक

### प्रशासन ने जारी किए सख्त निर्देश

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना फखरपुर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैसरगंज के उपजिलाधिकारी प्रशांत कुमार नायक ने की, जबकि पुलिस क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव, थाना प्रभारी संजीव कुमार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रशांत कुमार नायक ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था का पर्व है और इसे सभी लोग भाईचारे, प्रेम एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान किसी भी मार्ग पर आवागमन बाधित न होने पाए तथा डीजे का संचालन शासन की गाइडलाइन के अनुरूप निर्धारित ध्वनि सीमा में ही किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अश्लील या भड़काऊ गीत बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी डी.के. श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस प्रशासन कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करेगा या शासन-प्रशासन के निदेशों की अनदेखी करेगा, उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से प्रशासन का सहयोग करने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। बैठक के अंत में थाना प्रभारी संजीव कुमार ने उपस्थित लोगों से कांवड़ यात्रा के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी और हर गतिविधि पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

## शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में सात लोग गिरफ्तार, भेजे गये न्यायालय



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से रुपईडीहा पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा के अनुसार थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका के आधार पर सात व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में रामफेरन उर्फ भूई, विजय, रामरूप, राजू अली, सोनू सिद्दीकी, सलमान राय तथा संतोष कुमार यादव शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सभी की गिरफ्तारी 28 जुलाई को थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से की गई। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक शिवेश कुमार शुक्ला, उप निरीक्षक धनजी सिंह, उप निरीक्षक श्री प्रकाश सरोज, हेड कांस्टेबल अर्जुन प्रसाद मौर्य तथा कांस्टेबल सुनील यादव की प्रमुख भूमिका रही।

## मूक-बधिर दिव्यांगजनों को आयुष विभाग ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। आयुष विभाग बहराइच द्वारा मूक-बधिर दिव्यांगजनों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाणपत्र वितरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सरोज शंकर राम जी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी बहराइच रहे। कार्यक्रम का आयोजन देवीपाटन डिवीजन डीफ वेलफेयर एसोसिएशन इस कार्यक्रम का आयोजन देवीपाटन डिवीजन डीफ वेलफेयर एसोसिएशन संबद्ध अखिल उत्तर प्रदेश बधिर संस्था द्वारा किया गया ।सम्मानित होने वालों में वरुण कुमार गुप्ता, अमिष कुमार सिन्हा, मोहम्मद नदीम, राजीव जैन, आशीष जैन, अभिषेक कुमार, जावेद अहमद, श्रवण कुमार श्रीवास्तव, बृजेश कुमार शर्मा, दीपक कुमार साहू एवं अन्य पदाधिकारी व शामिल रहे।

## नवागांतुक एसडीएम प्रशांत कुमार नायक का बार एसोसिएशन से परिचयात्मक संवाद

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर/कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज में नवागांतुक उप जिलाधिकारी प्रशांत कुमार नायक एवं बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा अधिवक्ताओं के मध्य एक परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य प्रशासन एवं अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर न्यायिक कार्यों को अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाना रहा।

बैठक में उप जिलाधिकारी प्रशांत कुमार नायक ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं से परिचय प्राप्त किया। वहीं अधिवक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार रखते हुए तहसील में न्यायिक कार्यों के संचालन, वादकारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण तथा प्रशासन और बार के बीच मधुर एवं सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने पर सुझाव दिए।

बैठक के दौरान प्रशासन एवं अधिवक्ताओं के बीच आपसी समन्वय, पारदर्शिता एवं विश्वास के साथ कार्य करने पर सहमति बनी। साथ ही न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने तथा आमजन को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने नवागांतुक उप जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। वहीं उप जिलाधिकारी ने भी बार और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखते हुए जनहित एवं न्यायहित में कार्य करने का भरोसा दिलाया।

## दिव्यांगजनों को मिलेगी निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राइ साईकिल

**03 से 08 अगस्त आयोजित होंगे परीक्षण एवं चिन्हांकन शिविर**

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि बहराइच जनपद के पात्र दिव्यांगजनों को एलिम्को, कानपुर द्वारा निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राइसाईकिल उपलब्ध कराए जाने हेतु 3 से 8 अगस्त 2026 तक प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक परीक्षण एवं चिन्हांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे। डॉ. कुमार ने बताया कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विकास खण्ड क्षेत्र मिहींपुरवा के दिव्यांगजन हेतु 03 अगस्त को ब्लाक परिसर मिहींपुरवा, ब्लाक बलहा, नवाबगंज, रिसिया, शिवपुर व नगर क्षेत्र रूपईडीहा, रिसिया तथा नानपारा के लिए 04 जुलाई को विकास खण्ड परिसर बलहा, ब्लाक हुजूरपुर, पयागपुर, विशेश्वरगंज एवं नगर क्षेत्र पयागपुर के लिए 05 जुलाई को विकास खण्ड परिसर हुजूरुपर, ब्लाक चित्तौरा व नगर क्षेत्र बहराइच के लिए 06 जुलाई को तहसील सदर में तथा ब्लाक कैसरगंज, जरवल, फखरपुर तथा नगर क्षेत्र कैसरगंज एवं जरवल के दिव्यागजनों हेतु 08 जुलाई 2026 को विकास खण्ड परिसर कैसरगंज शिविर का आयोजन किया जायेगा। डॉ. कुमार बताया कि 16 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजन आधार कार्ड एवं यूपीआईडी कार्ड तथा 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता प्रमाण के साथ शिविर में प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी की मासिक आय रू. 22,500=00 से कम होनी चाहिए। आय प्रमाण के रूप में राजस्व विभाग का प्रमाणपत्र, बीपीएल/मनरेगा कार्ड, सांसद/विधायक/ग्राम प्रधान/सभासद द्वारा प्रमाणित अथवा स्वप्रमाणित आय प्रमाणपत्र तथा तहसील से जारी गरीबी रेखा का आय प्रमाणपत्र मान्य होगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी ने पिछले पांच वर्षों में भारत सरकार, राज्य सरकार अथवा किसी अन्य संस्था से मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्राप्त न की हो।

## दो प्रमुख पर्वों को लेकर प्रशासन सतर्क

### पीस कमेटी की बैठक में दिए दिशा-निर्देश

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। आगामी चेहल्लुम एवं श्रावण मास के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को थाना फखरपुर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैसरगंज के नवागत उपजिलाधिकारी प्रशांत नायक एवं क्षेत्राधिकारी (सीओ) डी.के. श्रीवास्तव ने की।

उपजिलाधिकारी प्रशांत नायक ने कहा कि दोनों प्रमुख त्योहारों को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएंगी।

बैठक में चेहल्लुम एवं श्रावण मास के दौरान निकलने वाले जुलूसों, धार्मिक आयोजनों, संवेदनशील स्थलों, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

सीओ डी.के. श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक संदेश प्रसारित करने से बचें। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया ।थानाध्यक्ष फखरपुर संजीव सिंह चौहान ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा विवाद की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में प्रभारी अवर अभियंता विद्युत फखरपुर रवि प्रकाश, मोहर्रम कमेटी प्रभारी रईस खान, अजय शुक्ला, प्रधान आफताब आजम खान, बसीर खान, शकील खान, फिरोज, इकराम अली, मुन्ना प्रधान, राजू प्रधान, रितेश वर्मा, मुरारी खान, प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश वर्मा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न समुदायों के लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### कांवड़ यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में

**प्रशासन का फोकस सुरक्षा-सुविधा पर, मार्गों पर दिखेगी आस्था की झलक**

रोशन बागपत , श्रावण मास के शुभारंभ से पहले बागपत जनपद में कांवड़ यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।जिलाधिकारी अस्मिता लाल के नेतृत्व में जिला प्रशासन शिवभक्तों की सुविधा, सुरक्षा, सेवा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है।यात्रा को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य जारी है।सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर की थीम पर आधारित आकर्षक साइनेज, होर्डिंग और दिशा-सूचक बोर्ड लगा रहा है।ये बोर्ड प्रमुख कांवड़ मार्गों और महत्वपूर्ण स्थलों पर लगाए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को सही मार्गदर्शन मिल सके। जनपद के चारों प्रमुख कांवड़ मार्गों को धार्मिक संदेशों और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया है ।शिवभक्तों की सुविधा के लिए कांवड़ यात्रा ऐप का क्यूआर कोड प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया गया है। श्रद्धालु इसे स्कैन कर यात्रा मार्ग, चिकित्सा सुविधाएं, संपर्क नंबर और विश्राम स्थलों सहित अन्य आवश्यक जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे। इससे उनकी यात्रा अधिक सुरक्षित और सुगम बनेगी ।जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बताया कि जिला प्रशासन का संकल्प है कि प्रत्येक शिवभक्त को सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं, ताकि बागपत की ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा इस वर्ष भी सुरक्षित और यादगार बन सके।जिला प्रशासन का संदेश है कि 'हर शिवभक्त की सुविधा, सुरक्षा, सेवा और सम्मान ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है'।

### जानलेवा हमले का अभियुक्त गिरफ्तार

**ट्रक से गाड़ी टकराने के बाद विवाद में की थी फायरिंग**

बागपत , शहर कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमले के एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त जगत पुत्र श्रीपाल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है।अभियुक्त को रविवार को चेकिंग अभियान के दौरान पकड़ा गया। यह मामला 29 जून की रात का है, जब मिट्टी से भरे एक ट्रक से एक कार टकरा गई थी।इस घटना के बाद कार सवार जतिन और अभिषेक पर जानलेवा हमला किया गया था।हमले में जतिन को गोली लगने से गंभीर चोटें आईं, जबकि अभिषेक को भी मारपीट में गंभीर चोटें लगी थीं। पुलिस ने दर्ज किया केस घायल युवकों के पिता विनोद की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस इस मामले में पहले भी कई अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### एएसपी ने होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया का निरीक्षण किया

बागपत , रिजर्व पुलिस लाइन में उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) बागपत ने मौके पर पहुंचकर अभिलेख समीक्षा और शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान, एएसपी ने अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच, पहचान सत्यापन, लंबाई और सीने की माप सहित शारीरिक मानक परीक्षण की पूरी प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया।

# विद्यालय में बच्चों का धरना या कूट रचित राजनीति

## उच्च अधिकारियों ने दिया आश्वासन धरना समाप्त

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर,जनपद की किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित सर्वोदय इंटर कॉलेज में बच्चों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की मनमानी को लेकर धरना दिया बच्चों ने हंगामा काटा जहां विद्यालय द्वारा सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंच गया बच्चों ने जमकर नारेबाजी की जहां सूचना पाकर पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार तथा तहसीलदार ने विद्यालय के बच्चों से वातार्लाप की बच्चों ने 6 सूत्रीय मांगे रखी जहां विद्यालय की साफ सफाई पेयजल व्यवस्था विद्यालय के पंखा बैठक व्यवस्था तथा अंक पत्र प्राप्त करने पर अतिरिक्त धनराशि लिए जाने की शिकायत की



### अचानक कहां से आए बच्चों के पास प्रिंटेड पोस्टर

विद्यालय पहुंचे अधिकारियों से बच्चों ने उपर्युक्त समस्याओं के साथ-साथ होर्डिंग बैनर इत्यादि दिखाकर मांगे पूरी करने का निवेदन किया सोचनीय विषय है कि अचानक बच्चों के पास विद्यालय में प्रिंटेड होल्डिंग बैनर कहां से आए इससे साफ जाहिर होता है कि यह एक सूची समझी अथवा पूर्ववर्ती तैयारी है वही विद्यालय के बच्चों ने विद्यालय में खेल का मैदान व्यायाम शिक्षक की नियुक्ति कंप्यूटर लैब लाइब्रेरी तथा विज्ञान वर्ग मान्यता की मांग की इन महत्वपूर्ण मांगों को लेकर स्पष्ट दिखाई देता है की इन बच्चों के पीछे निश्चित रूप से किसी न किसी शैक्षिक या भौतिक राजनीति का पर्दा पड़ा है फिर भी उच्च अधिकारियों ने बच्चों की इस मांग को सुनते हुए जल्द ही विद्यालय की विज्ञान वर्ग मान्यता तथा अन्य समस्याओं के निदान हेतु चर्चा करने का आश्वासन दिया वहीं विद्यालय के प्रबंधक को बिजली पानी पंखे तथा फर्नीचर आदि के सुधार करने के लिए तत्काल दिशा निर्देश दिए गए विद्यालय के बच्चों की मांगे पूरी हुई और लगभग 5 घंटे बाद बच्चों का धरना समाप्त हो गया धरना समाप्त करते हुए सभी बच्चे प्रसन्न मुद्रा से अपनी-अपनी कक्षाओं में चले गए

# गोली लगने के बाद भाग निकला बदमाश

## प्रयागराज में 3 दिन से पुलिस तलाश में जुटी लेकिन नहीं मिला सुराग

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , पुलिस और गोकशी के आरोपियों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान जवाबी फायरिंग में गोली लगने के बावजूद एक बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। घायल हालत में वह पहले झाड़ियों में छिपा और फिर अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से निकल गया।तीन दिन से पुलिस उसकी तलाश में जुटी है, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है।25 जुलाई की भोर में हुई थी घटना यह मुठभेड़ 25 जुलाई की भोर में नैनी थाना क्षेत्र की कांशीराम कॉलोनी, अरैल में हुई थी। विश्व हिंदू परिषद के गोरक्षा प्रांत के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचना दी थी कि दो युवक एक गाय को पकड़कर ले जा रहे हैं।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि



पुलिस को देखते ही दोनों युवकों ने गाय छोड़ दी और झाड़ियों की आड़ लेकर पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी।एक आरोपी मौके पर ही गिर गया, जबकि दूसरा घायल होने के बावजूद लगातार फायरिंग करता हुआ झाड़ियों के भीतर घुस गया।उसके पीछे दो दरोगा और तीन कांस्टेबल भी दौड़े, लेकिन घनी झाड़ियों और अंधेरे का फायदा उठाकर वह भाग निकला। घायल आरोपी ने खोले कई राज मौके से पकड़े गए घायल आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम आमिर बताया।उसने फरार आरोपी की पहचान अपने सगे भाई अनस के रूप में कराई। पुलिस के अनुसार, आमिर ने पूछताछ में बताया कि दोनों छुट्टा घूमने वाली गायों को पकड़कर कांशीराम कॉलोनी स्थित एक ठिकाने पर ले जाते थे, जहां उनकी कटान कर गोमांस बेचा जाता था। छापे में हुआ गोकशी का भंडाफोड़ आमिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने उसी दिन कांशीराम कॉलोनी में एक खंडहरनुमा मकान पर छापा मारा।

# सुसाइड वीडियो ने खोला युवक की मौत का राज

**चार महीने पुराने मामले में पत्नी समेत पांच गिरफ्तार, ससुरालियों से तंग आकर लगाई फांसी**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,लालकुर्ती पुलिस ने युवक की आत्महत्या से जुड़े 4 महीने पुराने मामले में युवक की पत्नी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। लंबे समय से इस मामले की जांच चल रही थी। सुबूत सामने आने के बाद पांच लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। लालकुर्ती थाना क्षेत्र के कसेरुखेड़ा नई मंडी में राम सिंह परिवार के साथ रहते हैं। इसी साल 16 फरवरी को उनके बेटे किशन ने फांसी लगाकर जान दे दी। किशन के परिवार ने ससुराल पक्ष पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया लेकिन सुबूत ना मिलने के कारण पुलिस कार्रवाई नहीं कर सकी।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया और मामला ठंडे बस्ते में चला गया।



किशन के परिवारजन ने लालकुर्ती थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने किशन की शादी 29 अप्रैल 2017 को जानकी पुत्री धुर्री निवासी बमरारा थाना चरखारी जिला महोबा के साथ की थी। परिवार ने बताया कि शादी के कुछ समय बाद से ही पत्नी जानकी और उसके परिवारजन किशन को तरह-तरह से प्रताड़ित करने लगे थे।कई बार ससुरालयों को समझाने की कोशिश की लेकिन बात नहीं बनी ।ससुराल पक्ष के द्वारा की जाती थीभद्रता कई दिन तक परिवार के लोग चक्कर काटते रहे लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। उन्होंने यहां तक बताया कि किशन जब अपनी पत्नी को लेने ससुराल जाता था तो वहां उसके साथ अभद्रता होती थी और गाली गलौज के साथ मारपीट तक की जाती थी।

# तालाब के पास मिला मृत अवस्था में युवक का शव

## प्रथम दृष्टया के अनुसार अज्ञात वाहन की टक्कर की जताई गई आशंका

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चुरियानी में स्थापित एक तालाब के समीप मंगलवार सुबह पहर मृत अवस्था में एक युवक का शव मिला वहीं युवक के पास दुर्घटनाग्रस्त एक बाइक भी बरामद हुई स्थानीय लोगों ने युवक की पहचान 19 वर्षीय शिवांशु पुत्र राजेश निवासी सोनवर्षा थाना गाजीपुर के रूप में की वही यह सूचना परिजनों को दी गई जहां सूचना



पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया प्रथम दृष्टया के अनुसार यह घटना अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है जहां मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त मौके पर मिली सूचना मिलने पर पहुंचे थाना प्रभारी गाजीपुर विनोद पटेल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही साक्ष जुटाते हुए अज्ञात वाहन की तलाश जारी की जानकारी लेने पर थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# प्राथमिक विद्यालय में अजगर निकलने से बच्चों में मचा हड़कंप

## रेस्क्यू ऑपरेशन करते हुए वन विभाग ने हासिल की सफलता

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर।जनपद के गाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुकेती गांव में स्थापित प्राथमिक विद्यालय में कल मंगलवार सुबह पहर एक अजगर दिखाई दिया अचानक देखते ही बच्चों ने शोर मचाया तथा शिक्षक रसोईया आदि दौड़कर पहुंचे मामले को गंभीरता से देखते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साधना शर्मा ने फोन पर संपर्क करते हुए वन विभाग को सूचित किया जहां सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद अभियान चलाते हुए अजगर को पकड़ लिया अचानक दिखाई देने वाले अजगर से विद्यालय के बच्चों में डर का माहौल बन गया वही वन विभाग द्वारा पकड़े जाने के बाद बच्चों ने एक राहत की सांस ली मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने भी आम जनमानस से अपील करते हुए बताया कि वन्य जीव कहीं भी दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल विभाग को दें जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए उसे सुरक्षित किया जा सके विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने वन विभाग की टीम का सादर आभार व्यक्त किया

# चोरी के आरोपी चौकी पुलिस को गच्चा देकर फरार

**लोहियानगर की फतेल्लापुर चौकी का मामला, फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस दे रही दबिश**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , चोरी के आरोपी पुलिस को गच्चा देकर चौकी से फरार हो गए। इसकी भनक लगते ही हड़कंप मच गया।पुलिस की दो टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई हैं।देर रात तक दबिश जारी रहीं।थानाध्यक्ष से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की गई है। लोहियानगर की पहलवान कॉलोनी में शहजाद परिवार के साथ रहते हैं। उनके घर में चोरी हो गई।चोर उनके घर से मोबाइल फोन और नगदी लेकर फरार हो गए। शहजाद ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की तलाश शुरू कर दी।इसी दौरान दो संदिग्ध एक कमरे में कैद हो गए। पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू कर दी।

### पहचान होने के बाद पुलिस ने दबोचा

सीसीटीवी में कैद हुए दो संदिग्ध की फोटो लेकर पुलिस ने उनकी पहचान का प्रयास शुरू कर दिया।एक आरोपी की पहचान जुनैद के रूप में हो गई।रविवार रात लोहियानगर थाने की फतेल्लापुर चौकी पुलिस जुनैद और उसके एक साथी को पकड़ कर चौकी ले आई। चौकी इंचार्ज शैलेंद्र सिंह को दोनों से पूछताछ करनी थी लेकिन इसी दौरान मौका पाते ही वह फरार हो गए।

### पुलिसकर्मियों की व्यस्तता का उठाया फायदा

जुनैद और उसके साथी को लेकर पुलिसकर्मी चौकी पहुंचे तो चौकी इंचार्ज शैलेंद्र सिंह किसी काम में व्यस्त हो गए।दोनों को अंदर ही बैठा दिया गया। एक सिपाही की ड्यूटी लगा दी गई ।कुछ देर बाद वह सिपाही भी किसी काम में लग गया। इसी का फायदा उठाकर जुनैद और उसका साथी मौके से फरार हो गए।

# कांवड़ यात्रा में मुसलमान अधिकारी ड्यूटी नहीं करेंगे

## हिंदूवादी नेता सत्यम पंडित भड़के, जंतर-मंतर से आ रहे छात्रों को थप्पड़ मारे

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद , खुद को हिंदुवादी नेता बताने वाले सत्यम पंडित के सोशल मीडिया पर अलग-अलग वीडियो सामने आए हैं। जिसमें कांवड़ यात्रा को लेकर सत्यम पंडित ने बयान दिया है कि कोई भी मुस्लिम अधिकारी कांवड़ में ड्यूटी नहीं करेगा।सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।सत्यम पंडित खुद को ही हिंदू वीर सेना का अध्यक्ष बताता है।

### 1 मिनट 17 सेकेंड की वीडियो में क्या कहा

सत्यम पंडित की एक मिनट 17 सेकेंड की वीडियो सामने आई है। जिसमें वीडियो में वह बोल रहे हैं कि मैं सभी हिंदु भाईयों को कहना चाहता हूं। सावन माह शुरू हो चुका है। कांवड़ यात्रा इसी माह में चलती है।मैं सीएम योगी से प्रार्थना करता हूं कि कोई भी मुस्लिम अधिकारी इस पर ड्यूटी नहीं करेगा।कोई भी हिंदु आईपीएस या अधिकारी को हज यात्रा में स्वीकार नहीं करते। गाजियाबाद के नंदग्राम एसीपी जियाउद्दीन को हटाने के लिए कहा।आगे कहा कि जितने भी मुस्लिम अधिकारी हैं, सिपाही से लेकर दरोगा, एसीपी, या एसएसपी हमारी कांवड़ यात्रा में ड्यूटी नहीं लगाए गए।

### दूसरी वीडियो में गाली देकर थप्पड़ जड़े

दूसरी वीडियो में भी सत्यम पंडित अपनी कार में बैठे हुए हैं, जहां पीछे से कोई साथी वीडियो बना रहा है।जंतर मंतर पर आंदोलन के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी



से वायरल हो रहा है।

जहां सत्यम पंडित दो युवकों को रोकर उनके नाम व पते पूछते हैं, उसके बाद दोनों युवक बताते हैं कि हम जंतर मंतर से लौट रहे हैं। इस बीच सत्यम पंडित वायरल वीडियो में जंतर-मंतर से लौट रहे दो छात्रों के साथ मारपीट कर रहे हैं। जहां पता पूछते हैं, फिर गाली देते हैं, उसके पहले एक को थप्पड़ मारते हैं, दूसरे युवक को भी थप्पड़ मारे। वीडियो सामने आने के बाद गाजियाबाद निवासी सत्यम पंडित विवादों में घिर गया है।

### जन्मदिन पर हर्ष फायरिंग

सत्यम पंडित की हर्ष फायरिंग की भी वीडियो सामने आई है। यह वीडियो 2 दिन पहले बताई गई है। जहां प्रताप विहार डीएवी स्कूल के सामने अपने जन्मदिन पर हर्ष फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं।जिसमें सड़क किनारे खड़े होकर वह लाइसेंसी पिस्टल से हर्ष फायरिंग कर रहे हैं।

# युवा राष्ट्र की धरोहर :पंकज चौधरी

## रैपिड से मेरठ पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी रैपिड से मेरठ पहुंचे। बेगमपुल मेट्रो स्टेशन पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने एसजीएम गार्डन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। इसके बाद पंकज चौधरी एसजीएम स्थित बूथ संख्या-312 पहुंचे, जहां उन्होंने बड़ी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को बूथ कार्यकताओं के साथ सुना।कार्यक्रम के बाद उन्होंने कार्यकताओं से संवाद किया पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। इसमें उन लोगों का उल्लेख किया जाता है, जो देश के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। चाहे अंतरिक्ष के क्षेत्र में उपलब्धि हो, पर्यावरण संरक्षण हो, प्लास्टिक के उपयोग को




कम करने और रिसाइक्लिंग को बढ़ावा देने की बात हो या इको-फ्रेंडली मूर्तियां बनाने जैसे विषय हों, प्रधानमंत्री देशवासियों को सकारात्मक संदेश और प्रेरणा देते हैं।छात्र आंदोलन और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री समय-समय पर युवाओं से संवाद भी करते हैं। युवा किसी दल के नहीं, बल्कि देश की ताकत और भविष्य हैं।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं को राष्ट्र की धरोहर मानती है।शिक्षा मंत्री ने जो निर्णय लिया, उसके पीछे भी यही भावना रही कि युवाओं का समय खराब न हो और वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें ।मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले पर पंकज चौधरी ने कहा कि पहले दिन से ही मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।कई लोगों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा, चाहे वह छोटा हो या बड़ा, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।साथ ही ट्रस्ट ऐसी व्यवस्था करेगा कि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर, विधायक अमित अग्रवाल, महापौर हरिकांत आहलूवालिया, कमल दत्त शर्मा, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, महानगर उपाध्यक्ष वीनस शर्मा, कार्यक्रम संयोजक नीरज मित्तल, क्षेत्रीय संयोजक नीता गुप्ता, जिला मंत्री डॉ. अजय दीवान समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जहरीली गैस से सफाई कर्मचारी और गार्ड की मौत

**सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान हादसा, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर ,ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-150 की एल्डिको सोसाइटी में सुबह एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) टैंक की सफाई के दौरान एक सफाई कर्मचारी बेहोश हो गया।उसे बचाने के लिए टैंक में उतरा सिक्योरिटी गार्ड भी बेहोश हो गया।दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।सुबह चार बजे हुआ हादसापुलिस के अनुसार, घटना तड़के करीब चार बजे की है।सुबह 4:07 बजे नॉलेज पार्क थाना पुलिस को सूचना मिली कि एल्डिको सोसाइटी के एसटीपी टैंक में सफाई के दौरान दो लोग बेहोश हो गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर सर्विस की टीमें मौके पर पहुंच गईं।बचाने गया गार्ड भी जान गंवा बैठा पुलिस ने बताया कि एसटीपी टैंक की सफाई के दौरान सफाई कर्मचारी शशिकांत शर्मा (40), निवासी करौली (राजस्थान), टैंक के अंदर बेहोश हो गए।उन्हें बचाने के लिए सिक्योरिटी गार्ड आकाश (22), निवासी फिरोजाबाद, टैंक में उतरे, लेकिन वह भी बेहोश हो गए।

# सेप्टिक टैंक में दम घुटने से दो की मौत

## नोएडा में सफाई करने के दौरान कर्मचारी बेहोश हुआ, बचाने गया गार्ड भी अंदर फंसा रहा

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, तड़के करीब 3 बजे एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) टैंक में सफाई के दौरान दम घुटने से एक सफाई कर्मचारी और गार्ड बेहोश हो गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी।सूचना मिलने के थोड़ी देर के अंदर ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई।एक घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला।उसके बाद दोनों को टैंक से बाहर निकाला गया। उन्हें एम्बुलेंस से फौरन अस्पताल ले जाया गया।जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।उसके बाद पुलिस ने दोनों शवों को पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस मामले में ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। मामला नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के सेक्टर-150 का है। सफाई कर्मचारी बेहोश होकर आधे काफी देर तक अंदर ही फंसा रहा स्थानीय लोगों के अनुसार- एल्डिको सोसायटी में तड़के करीब 4 बजे एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) टैंक की सफाई का काम चल रहा था।राजस्थान के करौली जिले के



गड़मुरा गांव का रहने वाला शशिकांत शर्मा (40) टैंक की सफाई करने गया था।दम घुटने से वह बेहोश हो गया सफाई कर्मचारी बेहोश होकर आधे काफी देर तक अंदर ही फंसा रहा स्थानीय लोगों के अनुसार- एल्डिको सोसायटी में रविवार तड़के करीब 4 बजे एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) टैंक की सफाई का काम चल रहा था।राजस्थान के करौली जिले के गड़मुरा गांव का रहने वाला शशिकांत शर्मा (40) टैंक की सफाई करने गया था। अंदर जहरीली गैस सूंघने से वह बेहोश हो गया।

# बच्चे की गड्ढे में डूबकर मौत, पिता वाइस-प्रिंसिपल

## मां रोते-रोते बेहोश, बोली- अब मुझे भी नहीं जीना; प्राधिकरण की लापरवाही से जान गई

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , ग्रेटर नोएडा में 6 साल के बच्चे आव्यान की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। शाम वह घर के बाहर क्रिकेट खेल रहा था। खेलते-खेलते गड्ढे के पास पहुंच गया। आसपास कीचड़ होने की वजह से फिसलकर गड्ढे में गिर गया।साथ खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया। आसपास के लोग भागकर आए। जैसे-तैसे आव्यान को बाहर निकाला। अस्पताल ले गए।जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आव्यान के पिता शिवान यादव केंद्रीय विद्यालय में वाइस प्रिंसिपल हैं। रो-रोकर पूछ रहे हैं- मेरे मासूम बच्चे का क्या कसूर था। आखिर किसी और की गलती का


आव्यान, मृतक

खामियाजा हम लोगों को क्यों भुगतना पड़ रहा है।आव्यान की मां बेहोश हैं। वह बीच-बीच में होश में आती हैं तो कह रही हैं- मुझे भी अब नहीं जीना। नॉलेज पार्क-2 इलाके की पॉश सोसाइटी कलाधाम में शाम 6:30 बजे की है।कॉलोनी के जिस गड्ढे में गिरकर आव्यान की मौत हुई।उसे ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण ने बोरिंग के लिए खुदवाया था। करीब 15 फीट गहरे गड्ढे में बारिश का पानी भर गया था ।लापरवाही ऐसी थी कि कॉलोनी में होने के बावजूद गड्ढे में बैरिकेडिंग नहीं की गई थी। हर बार की तरह इस बार भी बच्चे की मौत के बाद अफसरों की नींद टूटी। अथॉरिटी ने ठेकेदार मनोज जैन, संविदा कर्मी सुपरवाइजर जॉनी और टेक्निकल सुपरवाइजर आकाश के खिलाफ ऋकफ दर्ज कराई है। उनकी सेवाएं समाप्त कर दी हैं। गड्ढे के चारों तरफ बैरिकेडिंग कराई।पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### दोस्तों के साथ पार्क के पास खेलने गया था

कलाधाम सोसाइटी के रहने वाले प्रांजल ने बताया- मेरे घर के सामने ही शिवान यादव परिवार के साथ रहते हैं।

# राजस्व वादों अंश निर्धारण एवं कृषक दुर्घटना बीमा प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा, लापरवाही पर कार्रवाई की दी चेतावनी।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों के साथ अंश निर्धारण, कृषक दुर्घटना बीमा योजना की पत्रावलियों तथा विभिन्न राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति को समयबद्ध न्याय एवं राहत उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अंश निर्धारण, कृषक दुर्घटना बीमा योजना के प्रकरणों तथा राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाई जाए और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की स्पष्ट मंशा है कि आमजन को समय पर न्याय मिले तथा उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान हो। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित समय सीमा में उनका निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक दो दिवस पर इन कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। यदि किसी अधिकारी के स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता पाई गई तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप जनहित के मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

# अवैध बालू खनन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी, पुलिस ने किया सीज




अमन लेखनी समाचार

गरौठा (झांसी)। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह को मंगलवार सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि लखेरी नदी से ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से बालू का खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर दबिश दी। मौके पर पुलिस ने एक आयशर ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से बालू का खनन करते हुए पकड़ लिया। ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से भरी गई बालू बरामद हुई। पुलिस ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर कोतवाली ले आई और उसे धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह ने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और किसी भी कीमत पर अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ज्ञानेंद्र पटेल, हेड कांस्टेबल दीवान सिंह एवं पुलिस कांस्टेबल सत्यपाल शामिल रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर दक्षिण काली मंदिर में रचेगा इतिहास

**आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी से हजारों श्रद्धालु लेंगे गुरु दीक्षा।**

अमन लेखनी समाचार



हरिद्वार। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हरिद्वार स्थित प्रसिद्ध दक्षिण काली मंदिर इस वर्ष सनातन परंपरा के एक ऐतिहासिक और भव्य आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है। परम पूज्य आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित होने वाले गुरु दीक्षा समारोह में देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु शामिल होकर गुरु मंत्र की दीक्षा ग्रहण करेंगे। श्रद्धालुओं के अभूतपूर्व उत्साह और व्यापक तैयारियों को देखते हुए यह आयोजन देश के सबसे बड़े और ऐतिहासिक गुरु पूर्णिमा समारोहों में शुमार होने जा रहा है। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज के अंतरराष्ट्रीय मीडिया प्रभारी श्री शान्तनु शुक्ल ने बताया कि गुरु पूर्णिमा सनातन संस्कृति में गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण और आत्मिक जागरण का महापर्व है। इस अवसर पर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज अपने करकमलों से हजारों श्रद्धालुओं को गुरु मंत्र प्रदान करेंगे और उन्हें धर्म, साधना, सेवा, संस्कार, राष्ट्रभक्ति तथा मानव कल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाएंगे। उन्होंने बताया कि गुरु पूर्णिमा के दिन दक्षिण काली मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार, रुद्राभिषेक, रुद्रपाठ, हवन, पूजन-अर्चन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों से गुंजायमान रहेगा। संत-महात्माओं, विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधियों, धमार्चार्यों और श्रद्धालुओं की विशाल उपस्थिति पूरे वातावरण को भक्तिमय और शिवमय बना देगी। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुओं का हरिद्वार पहुंचना शुरू हो चुका है। बड़ी संख्या में साधु-संतों के अलावा देश के प्रमुख उद्योगपति, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी तथा विदेशों से आने वाले कई विशिष्ट अतिथि भी 29 जुलाई को आयोजित होने वाले इस विशेष गुरु दीक्षा समारोह में भाग लेकर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज से गुरु दीक्षा ग्रहण करेंगे। आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज लंबे समय से सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार, भारतीय संस्कृति के संरक्षण, राष्ट्र चेतना और आध्यात्मिक जागरण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में लाखों श्रद्धालु आध्यात्मिक जीवन की ओर अग्रसर हुए हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि उनके श्रीचरणों में गुरु दीक्षा प्राप्त करना जीवन में आध्यात्मिक उन्नति और आत्मिक शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरूआत है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे गुरु पूर्णिमा के इस दिव्य और ऐतिहासिक अवसर पर दक्षिण काली मंदिर पहुंचकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा सनातन गुरु-शिष्य परंपरा के इस विराट महोत्सव के सहभागी बनें।

# पोछा लगाते समय पंखे में उतरे करंट की चपेट में आई महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार



कासिमपुर। कासिमपुर थाना क्षेत्र के सरेहरी गांव में मंगलवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 50 वर्षीय कलावती पत्नी स्वर्गीय मथुरा प्रसाद उर्फ कल्लू की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, शाम करीब 6:30 बजे कलावती अपने घर में पोछा लगा रही थीं। इसी दौरान उनका हाथ पंखे से छू गया, जिसमें करंट उतर आया था। करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलसकर बेहोश हो गईं। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेहंदर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतका के पति का करीब 15 वर्ष पहले निधन हो चुका था। परिवार में पांच बेटियां और एक बेटा हैं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र हरियाणा ने सेक्टर-4 में कपड़े के थैले वितरित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अमन लेखनी समाचार



कुरुक्षेत्र। जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि०) हरियाणा द्वारा सेक्टर-4 स्थित भाजपा के बूथ नंबर 145 पर पॉलिथीन मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक डॉ. ऋषिपाल मथाना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि०) हरियाणा द्वारा समाज हित एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे जनजागरण अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि मंच लगातार जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि पॉलिथीन का बढ़ता उपयोग पर्यावरण, पशु-पक्षियों तथा मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। ऐसे में कपड़े के थैलों का वितरण एक सराहनीय एवं अनुकरणीय पहल है, जिससे समाज में सकारात्मक जागरूकता पैदा होगी। जन कल्याण मंच के अध्यक्ष दलबीर मलिक ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पॉलिथीन का प्रयोग बंद कर पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाए। यदि समाज मिलकर इस दिशा में प्रयास करेगा तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा। इस अवसर पर मंच के महासचिव बलदेव सिंह सैनी, उपाध्यक्ष रामपाल सरोहा, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगना खेड़ा, प्रवक्ता गुलशन ग्रोवर, सचिव कुलदीप सैनी, ऑडिटर के. सी. वर्मा, शिव किरमच, रामपाल डाबर, संजय शर्मा ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे दैनिक जीवन में कपड़े के थैलों का ही उपयोग करें तथा दूसरों को भी पॉलिथीन छोड़ने के लिए प्रेरित करें। मंच ने भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जनकल्याण से जुड़े ऐसे जागरूकता अभियान निरंतर चलाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकताओं, गणमान्य नागरिकों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया और पॉलिथीन मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया।

# कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन की सेक्टर 13 की तरफ राधे राधे महिला मंडली द्वारा वाटर कूलर लगाया गया

**रेलवे स्टेशन सेक्टर 13 की तरफ खिड़की के पास कहीं भी पानी नहीं था उपलब्ध।**

अमन लेखनी समाचार

कुरुक्षेत्र। चातुर्मास प्रारंभ के पर्व अवसर पर कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन की सेक्टर 13 दिशा की ओर राधे राधे महिला मंडली द्वारा एक वाटर कूलर जनता की सेवा में लगाया गया है। वयोवृद्ध समाजसेवी रोशन लाल मित्तल ने बताया कि यहां पर काफी समय से पीने के पानी की बहुत समस्या चल रही थी। यात्रियों को रेलवे स्टेशन सेक्टर 13 की तरफ खिड़की के पास कहीं भी पानी उपलब्ध नहीं था। उन्होंने बताया कि यह वाटर कूलर मंजू अरोड़ा महिला मंडल की अध्यक्षा व सभी महिलाओं के सहयोग से लगाया गया। इस अवसर पर रेलवे के अधिकारी विनोद धीमान, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व महिलाएं मौजूद रही। सबसे पहले महिलाओं ने इस मौके पर भजन संकीर्तन किया तथा उसके पश्चात वाटर कूलर लगवा कर इसका शुभारम्भ किया। इस अवसर पर वार्ड 18 के एमसी अनिरुद्ध कौशिक, रोशन लाल मित्तल, जितेंद्र अरोड़ा, निर्मला मित्तल, अंजू मित्तल, कंचन रानी, कविता, नवदीप, कांता देवी, डिंपल रानी, गिरिजा, सुमन आदि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

# योगी सरकार के प्रयासों से बदल गई सोनभद्र के स्कूलों की तस्वीर

**900 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास से आसान हुई पढ़ाई।**

**स्मार्ट क्लास से बच्चों का पढ़ाई के प्रति उत्साह काफी बढ़ा।**

**विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा आदिवासी बाहुल्य सोनभद्र।**

**स्मार्ट क्लास से बच्चों में बढ़ा पढ़ाई के प्रति उत्साह।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि प्रदेश सरकार और संपर्क फाउंडेशन के सहयोग से जनपद सोनभद्र के 10 विकास खंडों के 900 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास संचालित की जा रही हैं। इस पहल से सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों बच्चों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण और रोचक शिक्षा उपलब्ध हो रही है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि संपर्क फाउंडेशन की एसटीवी डिवाइस में नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के अनुरूप एनसीईआरटी और एससीईआरटी से अनुमोदित शैक्षणिक सामग्री पहले से ही उपलब्ध रहती है। यह सामग्री आकर्षक एनीमेशन, चित्रों, वीडियो और गतिविधियों के माध्यम से तैयार की गई है, जिससे बच्चों की विषयों में रुचि बढ़ती है और कठिन अवधारणाएं भी आसानी से समझ में आ जाती हैं। इस डिवाइस के संचालन के लिए इंटरनेट की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने बताया कि बच्चों को अब डिजिटल माध्यम से सीखने का अवसर मिल रहा है। शिक्षक भी कक्षा में ऑडियो-वीडियो सामग्री की सहायता से पढ़ाई को अधिक रोचक बना रहे हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों की उपस्थिति, सहभागिता और सीखने की क्षमता पर भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट क्लास शुरू होने के बाद बच्चों का पढ़ाई के प्रति उत्साह काफी बढ़ा है। एनीमेशन और दृश्य सामग्री के माध्यम से पढ़ाए जाने वाले पाठ बच्चों को लंबे समय तक याद रहते हैं। गणित, विज्ञान, हिंदी और अंग्रेजी जैसे विषय अब पहले की तुलना में अधिक सरल और मनोरंजक बन गए हैं। बच्चे भी पूरे मनोयोग से कक्षाओं में भाग लेते हैं और सीखने की प्रक्रिया का आनंद उठाते हैं। स्मार्ट क्लास से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार की शुरूआत प्रदेश सरकार और संपर्क फाउंडेशन की यह संयुक्त पहल सोनभद्र के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित शिक्षकों और गुणवत्तापूर्ण डिजिटल कंटेंट के माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिल रहा है, जिससे आने वाले समय में उनके शैक्षणिक स्तर में और अधिक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

# गरौठा नगर पंचायत में ग्राम प्रधान डॉ. अनुज कुमार द्विवेदी का हुआ सम्मान

**'डॉक्टरेट इन सोशल वर्क' की मानद उपाधि मिलने पर किया गया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। ब्लॉक बामौर अंतर्गत ग्राम पंचायत नागर के ग्राम प्रधान अनुज कुमार द्विवेदी को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली के मोजिक सेंडोज बैंकेट हॉल में ₹डॉक्टरेट इन सोशल वर्क₹ की मानद उपाधि से सम्मानित किए जाने के उपरांत मंगलवार को नगर पंचायत गरौठा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा द्वारा की आयोजित कार्यक्रम में अनुज कुमार द्विवेदी का फूलमाला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनुज द्विवेदी ने अपनी ग्राम पंचायत नागर में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने अनुज कुमार द्विवेदी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्षद हारून खान, जगदीश सागर, संजय आर्य, हेमन्त विदुआ, योगेश व्यास, ब्रजबिहारी मिश्रा, कंप्यूटर ऑपरेटर मानवेंद्र सिंह, मोंटी नायक सहित नगर पंचायत का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# घोरावल पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल राजेश कुमार राय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक घोरावल बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 27.07.2026 को थाना घोरावल पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 166/2026 धारा 109(1), 3(5), 331(6) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1. छोटू पुत्र शिवमूरत कोल उम्र करीब 28 वर्ष, 2. जग्गू पुत्र मुनीब उम्र करीब 35 वर्ष, निवासीगण ग्राम परसौना थाना घोरावल जनपद सोनभद्र को मुखबिर खास की सूचना पर चिरोजी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स्वापक नियंत्रण समिति की बैठक सम्पन्न

**युवाओं को नशे से दूर रखने, अवैध खेती एवं तस्करी रोकने तथा विभागीय समन्वय से सख्त कार्रवाई पर जोर।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय स्वापक नियंत्रण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण, युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने, विभिन्न विभागों के समन्वय से प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने तथा एनडीपीएस अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने कहा कि नशे के विरुद्ध अभियान केवल कानून प्रवर्तन तक सीमित न रहकर जनसहभागिता एवं जागरूकता पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि नारकोटिक्स से संबंधित अपराधों के विरुद्ध निरंतर विशेष अभियान चलाते हुए मादक पदार्थों की अवैध बिक्री, परिवहन एवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों के प्रभावी अनुश्रवण एवं विचाराधीन मुकदमों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों से समन्वय बनाए रखा जाए। बैठक में शिक्षा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए गए कि विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाए। विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाए तथा नशामुक्ति संबंधी शपथ, संगोष्ठी, रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि युवाओं में कोडीनयुक्त कफ सिरप, ट्रामाडोल एवं अन्य दर्द निवारक दवाओं के नशे के रूप में हो रहे दुरुपयोग को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग, औषधि विभाग एवं शिक्षा विभाग संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाएं। औषधि विक्रेताओं एवं आमजन को भी इस संबंध में जागरूक किया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि एनडीएलसी लाइसेंसधारियों का आबकारी निरीक्षक एवं ड्रग निरीक्षक संयुक्त रूप से नियमित निरीक्षण करेंगे, जिससे मादक एवं नियंत्रित औषधियों के भंडारण एवं वितरण पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। साथ ही जनपद में नशीले पदार्थों की अवैध खेती एवं तस्करी पर विशेष निगरानी रखने तथा ऐसे मामलों में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया गया कि नशे की लत से प्रभावित व्यक्तियों के उपचार, व्यसन मुक्ति एवं पुनर्वास के लिए प्रभावी कार्यक्रम तैयार कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इसके अतिरिक्त अंतर्राज्यीय सीमाओं से जुड़े जनपदों एवं पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों के साथ समय-समय पर समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्ययोजना के आधार पर एनडीपीएस से जुड़े मामलों में प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। बैठक में जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद में किसी भी प्रकार की अवैध मादक पदार्थों की खेती न होने पाए।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों—जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य—पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। आज दिनांक 27.07.2026 को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक–**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**
**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com



## चौहान में नजर आएंगे विक्रांत, अजय को देंगे टक्कर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की अपकमिंग फिल्म 'चौहान' बीते दिनों अपनी पहली झलक के साथ ही काफी चर्चा में रही थी। इसे दर्शकों ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्यार दिया था। वहीं अब ये फिल्म एक बार फिर से चर्चा में आ गई है। दरअसल, अब इसमें अभिनेता विक्रांत मैसी की एंट्री की खबरें हैं जो दर्शकों का दिल अपनी शानदार फिल्म '12वीं फेल' से जीत चुके हैं। सूत्र ने बताया कि आनंद एल राय ने अजय की चौहान के लिए एक ग्रे शेड वाले किरदार में विक्रांत को साइन किया है। फिल्म में विक्रांत मैसी सुपरस्टार अजय देवगन से टक्कर लेते हुए नजर आएंगे।

लाइफ Style



## भूमि
## छत्रपति शिवाजी महाराज में हुई एंट्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साल 2022 में कांतारा और 2025 में कांतारा चैप्टर 1 से तहलका मचाने वाले दक्षिण भारतीय अभिनेमा ऋषभ शेट्टी अपनी अगली फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। 'द प्राइड ऑफ भारत: छत्रपति शिवाजी महाराज' के नाम से रिलीज होने वाली इस फिल्म में ऋषभ, शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे।


अब इस फिल्म से जुड़ एक नया अपडेट सामने आया है। फिल्म में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की भी एंट्री हो गई है। सोमवार को मेकर्स ने इसकी घोषणा की। फिल्म में भूमि पेडनेकर वॉरियर क्वीन बेलवाडी मल्लम्मा का किरदार निभाएंगी। मल्लम्मा एक निडर योद्धा रानी थीं, जिन्हें उनकी बहादुरी और अटूट जज्बे के लिए याद किया जाता है। बेलवाड़ी मल्लम्मा ने देश की पहली महिला सैनिक टुकड़ी का गठन किया था। ऐसा करने वाली वह पहली रानी थीं। कहा जाता है कि वो अपने चार माह के बेटे को गोद में लेकर शिवाजी महाराज की सेना से युद्ध लड़ी थीं। स्टार कास्ट : ऋषभ शेट्टी, भूमि पेडनेकर, शेफाली शाह, अर्जुन रामपाल और विवेक ओबेराय। निर्देशक और निर्माता : संदीप सिंह। बजट : 500 करोड़ से ज्यादा के बजट में दो भाग बनाए जाएंगे। अगले साल जनवरी तक पहला भाग रिलीज किया जा सकता है। क्रू : इंटरनेशनल एक्शन को-ऑर्डिनेटर्स, जो गेम ऑफ थ्रोल और द विचर में काम कर चुके हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कंपोजर अमित त्रिवेदी फिल्म को म्यूजिक देंगे वहीं गीत प्रसून जोशी लिखेंगे। फिल्म की कहानी ऋषि विरमानी ने लिखी है, जिसे मेकर्स दो भागों में रिलीज करेंगे।

हॉलीवुड मसाला




## स्पाइडर-मैन ... 30 को होगी रिलीज

नई दिल्ली। कुछ ही दिनों मे स्पाइडर-मैन: ब्रैंड न्यू डे सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है और फैंस के बीच उत्साह अपने चरम पर है। स्पाइडर-मैन: नो वे होम की भावुक घटनाओं के बाद टॉम हॉलैंड (एक बार फिर अपने लोकप्रिय किरदार पीटर पार्कर के रूप में लौट रहे हैं। यह फिल्म पीटर पार्कर की जिंदगी के एक बिल्कुल नए अध्याय की शुरुआत करेगी। सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया स्पाइडर-मैन: ब्रैंड न्यू डे को 30 जुलाई को भारतभर के सिनेमाघरों में रिलीज करेगी।



## मैडोना का लंदन वाला पुराना घर किराए पर उपलब्ध...

लॉस एंजिल्स। दुनियाभर में अपने नए गानों को लेकर चर्चा में रहने वाली मशहूर पॉप सिंगर मैडोना का एक पुराना घर इन दिनों फिर सुर्खियों में है। लंदन के साउथ केंसिंग्टन इलाके में स्थित यह शानदार घर अब किराए के लिए उपलब्ध है। खास बात यह है कि कभी यह घर कभी मैडोना और उनके एक्स हसबैंड फिल्म निर्देशक गाय रिची का आशियाना हुआ करता था। इस घर की पहचान सिर्फ मैडोना से ही नहीं जुड़ी है। साल 2004 में आई क्राइम थ्रिलर फिल्म 'लेयर केक' की शूटिंग भी यहा हुई थी। फिल्म में डैनियल क्रेग के किरदार का लंदन वाला घर इसी प्रॉपर्टी को बनाया गया था। यह वही फिल्म थी, जिसके बाद डैनियल क्रेग को जेम्स बॉन्ड की भूमिका मिलने का रास्ता खुला। क्वीन्स गेट म्यूज में बना यह दो बेडरूम वाला घर बाहर से बेहद साधारण दिखाई देता है।



## मां को समर्पित किया बंटवारा 1947 का ट्रेलर

मुंबई। सनी देओल इन दिनों फिल्म 'बंटवारा 1947' की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर मां के साथ फोटो शेयर कर करते हुए इमोशनल पोस्ट शेयर की है और फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट रिवील की है। उन्होंने केवल मां ही नहीं, बल्कि देश भर की मां को इस फिल्म के ट्रेलर को समर्पित कर दिया। एक्टर ने मां के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'मेरी मां ही मेरा रब हैं। मेरा प्यार, मेरा हौसला, मेरी ताकत. बंटवारा 1947 में अपनी मां और दुनिया की हर मां को समर्पित करता हूं।' इसके साथ ही सनी देओल ने पोस्ट के आखिरी में 'बंटवारा 1947' के ट्रेलर रिलीज का भी ऐलान किया और जानकारी दी कि इस फिल्म का ट्रेलर 28 जुलाई को रिलीज किया जाएगा। 'बंटवारा 1947' की कहानी भारत और पाक के बंटवारे की पृष्ठभूमि पर बुनी गई है।



## आदर्श कुटुंबम की पहली झलक आई सामने

नई दिल्ली। संक्रांति वास्तुनाम की अपार सफलता के बाद अब साउथ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता दग्गुबाती वेंकटेश बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म का नाम आदर्श कुटुंबम- हाउस नंबर 47 है। इस फिल्म का पहला टीजर सामने आ गया है, साथ ही मेकर्स की तरफ से फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है, जिससे कहीं न कहीं बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन की बहुचर्चित फिल्म दृश्यम 3 की टेंशन बढ़ सकती है। दग्गुबाती की आदर्श कुटुंबम का डायरेक्सन त्रिविक्रम श्रीनिवास ने किया है, जो बतौर फिल्ममेकर सुपरस्टार महेश बाबू और श्रीलीला स्टारर गुंटूर कारूम की असफलता के 2 साल बाद वापसी कर रहे हैं। आदर्श कुटुंबम में वेंकटेश के अलावा केजीएफ फिल्म फेम अदाकारा श्रीनिधी शेट्टी भी अहम भूमिका में मौजूद हैं।

टीवी मसाला

## लाफ्टर शेफ के तीसरे सीजन के विनर रहे अली और जन्नत

नई दिल्ली। ओटीटी पर छाए रहने वाला शो लाफ्टर शेफ अब खत्म हो चुका है और इसके साथ ही हमारे पास तीसरे सीजन के विनर्स के नाम भी आ चुके हैं और जैसा कि शुरुआत से ही क्लियर था टीवी स्टार्स अली गोनी और




जन्नत जुबैर सबसे ज्यादा स्टार्स के साथ शो के विनर रहे। अली गोनी के कॉन्फिडेंस और जन्नत की सीखने की ललक ने उन्हें एक बेस्ट जोड़ी के तौर पर उभारा और उनका यही बॉन्ड उन्हें कई मुश्किल चैलेंजेस में भी मददगार साबित हुआ। ग्रैंड फिनाले का सेलिब्रेशन कुछ और खास हो गया जब रोहित शेट्टी अपने शो 'खतरों के खिलाड़ी' के कंटेस्टेंट्स के साथ इस शो के सेट पर पहुंचे। इसके कई क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शो में विनर बनने को लेकर जब जन्नत से बात की गई तो उन्होंने कहा, लाफ्टर शेफ एक यूनीक शो है जहां केवल एक विनर या एक विनिंग टीम नहीं होती। अली और मैंने ट्रॉफी जरूर उठाई है, लेकिन मुझे लगता है कि इस शो से जुड़ा हर एक शख्स विनर है. हमने साथ में बहुत इंजॉय किया है, हंसे हैं, बहुत कुछ सीखा है, साथ होने का अहसास अपने आप में इस सफर को बहुत खास बनाता है। कलर्स पर टेलीकास्ट होने वाला ये शो ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर काफी हॉट प्रॉपर्टी रहा है।

### क्योंकि सास भी कभी बहू थी में होगा हंगामा

नई दिल्ली। स्टार प्लस से सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी में लीप के ट्विस्ट के बाद नया बवाल होता दिखने वाला है। दरअसल, जब विरानी परिवार दो शादियों की तैयारियों में जुटा है, तभी एक ऐसा चेहरा वापस



लौटने वाला है जो सब कुछ बदल सकता है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी में सुवर्णा झा पूरे 18 साल बाद एक बार फिर त्रिप्ती विरानी बनकर लौट रही हैं। त्रिप्ती वही किरदार है जिसने कभी अपने अंदाज, चालाकी और फैसलों से पूरे विरानी परिवार की जिंदगी बदल दी थी। अब उनकी वापसी के साथ एक बार फिर दर्शकों को त्रिप्ती और तुलसी की सबसे यादगार टक्कर देखने को मिलेगी। ऐसे में परिवार के पुराने रिश्ते फिर से कसौटी पर होंगे और कहानी एक नए मोड़ की ओर बढ़ेगी। सुवर्णा झा ने कहा, 18 साल बाद एक बार फिर त्रिप्ती का किरदार निभाना मेरे लिए किसी सपने जैसा है। इस वापसी के साथ जितनी खुशी है, उतनी ही घबराहट भी, क्योंकि दर्शक आज भी मुझे त्रिप्ती के रूप में याद करते हैं, न कि आज की सुवर्णा के रूप में। त्रिप्ती

## न सुर, न ताल, फिर भी शादियों की शान है 15 साल पुराना गाना

नई दिल्ली। जब कोई गाना बनता है तो उसके पीछे गायक, गीतकार और संगीतकार का होता है। गीतकार, गाने के बोल लिखता है, संगीतकार धुनें बनाता है और गायक उसे अपनी आवाज में इसे लोगों के दिलों में उतारता है। यूं तो बिना किसी गायक के, कोई गाना बन नहीं सकता है, लेकिन 15 साल पहले यह मुमकिन हुआ था। जी हां, 15 साल पहले एक गाना बना था, जिसमें किसी गायक ने आवाज नहीं दी थी। फिर भी कल्ट गाना आज हर किसी की जुबां पर रहता है। इस गाने को शादी-पार्टी में लूप पर बजाया जाता और कमर लचकाई जाती है। भले ही इस गीत को बने डेढ़ दशक हो गया लेकिन क्रेज खत्म नहीं हुआ।

***शादी-पार्टी में खूब बजता है गाना :*** यह गीत कोई और नहीं, फिल्म देव डी का 'इमोशनल अत्याचार' है। इस गाने को ब्रास बैंड वर्जन में तैयार किया गया था। इस गाने को जिसने गाया था, उन्होंने डर के मारे एक फिक्शनल नाम इस्तेमाल किया था, ताकि लोगों को पता न चल सके कि आवाज के पीछे कौन है।



***अनुराग ने दिया था आइडिया :*** जी हां, उन्होंने खुलासा किया था कि इस गीत को आखिर किसने आवाज दी थी। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस गीत को किसी और नहीं ने नहीं, बल्कि गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य और संगीतकार अमित त्रिवेदी ने गाया था। अमित त्रिवेदी ने इस बारे में बताता था- अनुराग कश्यप चाहते थे कि गाना एक खास तरह का हो। यह उनका विजन था। 'इमोशनल अत्याचार' शब्द उन्हीं का था और इसे शादी में बजने वाले ब्रास बैंड स्टाइल में करने का आइडिया भी उन्हीं का था। मैंने बस उनके विजन और प्लान को हकीकत में बदला। जब अमिताभ और मैं यह गाना बना रहे थे तो हमने सोचा कि अनुराग को यह दिखाने के लिए कि हम क्या कर रहे हैं, पहले हम खुद ही यह गाना गाएंगे।

## भोजपुरी बवाल से चिन्ना चिन्ना आसई तक
### इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। सिनेमाघरों में 'द ओडिसी' का हल्ला है। विजय की 'जन नायकन' (हिंदी में 'जन नेता') भी है। इसके अलावा कई और फिल्मों के विकल्प हैं। वहीं, इस वीक हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैन: ब्रांड न्यू डे' से लेकर बॉलीवुड की 'आवारापन 2' तक रिलीज हो रही हैं। हर तरफ एंटरटेनमेंट के शानदार विकल्प हैं। मगर, सोमवार से शुरू हुए इस नए सप्ताह में ओटीटी पर भी कई खास देखने को मिलेगा।



***द लीजेंड ऑफ कर्ण :*** यह महाभारत के योद्धा कर्ण के जीवन पर बनी एक एनिमेटेड वेब सीरीज है। यह सीरीज 31 जुलाई को दस्तक देगी। 'द लीजेंड ऑफ कर्ण' को रद देवराजन और जीवन जे कांग ने बनाया है। इस सीरीज में महाभारत के वीर योद्धा कर्ण के जन्म, संघर्ष और महान धनुर्धर बनने की गाथा दिखाई जाएगी। पौराणिक विषय पर बनी सीरीज सोनीलीव पर स्ट्रीम होगी।

***हार्ट बीट सीजन 3 :*** चर्चित तमिल मेडिकल ड्रामा वेब सीरीज का तीसरा पार्ट भी इस वीक रिलीज की कतार में है। 'हार्ट बीट सीजन 3' सीरीज 30 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सीरीज के इस सीजन में रीना 'रीना 2.0' के रूप में नजर आएगी। यह सीजन रीना की जिंदगी और उसके एएम हॉस्पिटल में जाने की कहानी पर आधारित है। इसमें नए इंटर्न, रोमांस और अस्पताल की राजनीति को दिखाया जाएगा।

***द डेविल वियर्स प्राडा 2 :*** यह अमेरिकी कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। डेविड फ्रैंकल निर्देशित यह फिल्म 29 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इसमें एनी हैथवे, मेरिल स्ट्रीप, स्टेनली टोक्सी और सिमोन ऐश्ली जैसे सितारे हैं।

***चिन्ना चिन्ना आसाई :*** यह मलयालम ड्रामा फिल्म है। यह 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब ओटीटी पर आने वाली है। चिन्ना चिन्ना आसाई 28 जुलाई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

***भोजपुरी बवाल :*** इस वीक ओटीटी पर बवाल होने जा रहा है। दरअसल, शो 'भोजपुरी बवाल' शुरू हो रहा है। यह नया भोजपुरी रियलिटी एंटरटेनमेंट शो है, जिसमें पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे मुख्य कलाकार हैं। शो 2 अगस्त से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।

### 1973 में हुई थी रिलीज, गाने हुए थे काफी पॉपुलर
## एक थियेटर में 590 दिन तक चली थी अमिताभ की ये फ्लॉप फिल्म

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन और जया बच्चन कुछ गिनती की ही फिल्मों मे साथ नजर आए हैं। इनमे गुड्डी, चुपके चुपके, सिलसिला, शोले...कुछ और नाम शामिल हैं। आप कह रहे होंगे ये तो बड़ी ही चर्चित फिल्में रही हैं। इन्हीं में से एक थी अभिमान। ये फिल्म भारत में तो खास नही चली, लेकिन इसके गाने काफी पॉपुलर हुए थे। इनमें तेरे मेरे मिलन की ये रैना, पिया बिना बिना जैसे क्लासिक शामिल हैं। 27 जुलाई 1973 को रिलीज हुई इस फिल्म को रिलीज हुए 53 साल हो गए हैं। 53 साल पहले आई ये फिल्म भारत में अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के लिए नुकसान का सौदा साबित हुई थी। क्योंकि, दोनों ने इसमें इन्वेस्टमेंट की थी और रिटर्न के नाम पर नुकसान ही मिला था। इस फिल्म को एएमआईवीए नाम के प्रोडक्शन हाउस तले रिलीज किया गया था। एएमआई मतलब अमिताभ और वीए मतलब जया। जाहिर है इस प्रोजेक्ट से काफी उम्मीदें थीं लेकिन नतीजे वैसे नहीं रहे।*



### भारत में फ्लॉप और विदेश में सुपर हिट

अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की जोड़ी का करिश्मा भारत में नहीं चल पाया, लेकिन श्रीलंका में हल्ला बोल गया। ये फिल्म वहां बड़ी हिट साबित हुई और आपका जानकर हैरानी होगी कि कोलंबो के एम्पायर सिनेमा में ये फिल्म 590 दिन तक चली थी। इस लंबी पारी से आप वहां अमिताभ बच्चन की फैन फॉलोइंग का अंदाजा लगा सकते हैं। जिस फिल्म को भारत में पसंद नहीं किया गया वह श्रीलंका में दर्शकों की पहली पसंद बनी। इस फिल्म से जुड़ा एक और दिलचस्प फैक्ट ये है कि पहले इसे 'राग रागिनी' नाम दिया रहा था, लेकिन बाद में अभिमान ही फाइनल किया गया।

### किशोर कुमार की जिंदगी से इंस्पायर्ड थी फिल्म!

फिल्म मेकर ऋषिकेश मुखर्जी ने एक बार कहा था कि ये फिल्म किशोर कुमार और उनकी पत्नी रूमा गुहा ठाकुर्ता के टूटते रिश्ते से प्रेरित थी। इसके अलावा इस फिल्म को 'ए स्टार इज बॉर्न' का रीमेक भी बताया जाता है। बता दें जिस वक्त इस फिल्म की शूटिंग शुरू हुई उस वक्त जया भादुड़ी टॉप एक्ट्रेस हुआ करती थीं और जबतक फिल्म पूरी हुई अमिताभ बच्चन